डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमा:-स्टैन पर गुस्से से तिलमिलाए अब्दु, कहा- फोन करो तो काट देता है, मेरा दिमाग फट रहा है

वर्ष -09 अंक -18 | प्रयागराज ,सोमवार, 20, मार्च, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### असमानता को हटाने में हरिचंद ठाकुर की भूमिका अद्वितीय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मतुआ समुदाय के आध्यात्मिक गुरु श्री श्री हरिचंद ठाकुर को श्रद्धांजलि



अर्पित की और कहा कि असमानता को दूर करने और सद्भाव को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका अद्वितीय है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, 'मैं श्री श्री हरिचंद ठाकुर जी को उनकी जयंती पर नमन करता हूं प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने (ठाकुर) सामाजिक न्याय पर जोर दिया और लोगों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम किया। हम उनके आदर्शों को पूरा करने के लिए काम करते रहेंगे। मतुआ संप्रदाय के संस्थापक श्री श्री हरिचंद ठाकुर जी की 212वीं जयंती के उपलक्ष्य में मतुआ महा मेले का आयोजन किया जा रहा है।अखिल भारतीय मतुआ महासंघ द्वारा आयोजित मतुआ महा मेले में श्री श्री हरिचंद ठाकुर जी का आशीर्वाद हासिल करने के लिए इस हफ्ते 45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यह मेला बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के श्रीधाम ठाकुरनगर, ठाकुरबाड़ी में आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल शनिवार को इस मेले में पहुंचे थे।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतुआ महा मेला 2023 के अवसर पर बंगाल के मतुआ समुदाय को शुभकामनाएं दीं। शाह ने ट्वीट किया कि मतुआ समुदाय की विरासत के जीवंत प्रदर्शन के साथ मतुआ महा मेला 2023 आज से शुरू हो रहा है। इस धार्मिक उत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने आगे लिखा कि श्री श्री हरिचंद ठाकुर जी की 212वीं जयंती का उत्सव लोगों को उनके ज्ञान से प्रेरित करे।

## लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए फैलाए जा रहे भारत विरोधी बयानः उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत पर ब्रिटेन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी से राजनीति गरमाई हुई है। इसी कड़ी में अब उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने 'इनक्यूबेटर और वितरकों' पर अपनी चिंता जाहिर की। उनका मानना है कि देश के कार्यात्मक लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थानों को कमजोर करने के लिए भारत विरोधी बयान फैलाए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इनक्यूबेटर और वितरकों पर चिंता जाहिर करते हुए रविवार को कहा कि भारत पहले की तुलना में वृद्धि पर है। राष्ट्र की वैश्विक प्रासंगिकता और मान्यता एक ऐसे स्तर पर है जो पहले कभी नहीं थी। हम सभी को भारत विरोधी ताकतों के इनक्यूबेटरों और वितरकों के उद्भव के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है, जो हमारे विकास पथ को कम करने और हमारे कार्यात्मक लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थानों को कलंकित करने के लिए 'नुकसानदेह आख्यान' चला रहे हैं। यह जरूरी है कि हम सभी अपने राष्ट्र और राष्ट्रवाद में भरोसा करें और इस तरह के दुस्साहस से ठीक



से निपटें।' उपराष्ट्रपति ने 'गवर्नरपेट टू गवर्नर हाउसः ए हिक्स ओडिसी' नामक पुस्तक का विमोचन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कहीं। इस दौरान पूर्ववर्ती नायडू भी मौजूद रहे और दोनों ने तमिलनाडु के पूर्व राज्यपाल पी एस राममोहन राव के संस्मरण के विमोचन के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। धनखड़ ने कहा कि 'लोकतंत्र का सार' यह है कि 'सभी समान रूप से कानून के प्रति जवाबदेह हैं। यह सुझाव देते हुए कि भारत सबसे जीवंत लोकतंत्र है, उन्होंने कहा 'कानून के समक्ष समानता एक ऐसी चीज है जिस पर हम बातचीत नहीं कर सकते'। हाल के गतिरोध के बीच संसद के सुचारू कामकाज की मांग करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र में, शासन की गतिशीलता हमेशा चुनौतीपूर्ण होती है, जिसके लिए संवैधानिक संस्थाओं के सामंजस्यपूर्ण कामकाज की आवश्यकता होती है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में हमेशा मुद्दे रहेंगे और हमारे पास कभी ऐसा दिन नहीं होगा जब हम कह सकें कि कोई समस्या नहीं होगी, क्योंकि हम एक गतिशील समाज में हैं जहां ऐसा होना तय है। जो लोग कार्यपालिका, विधायिका या न्यायपालिका का नेतृत्व कर रहे हैं, वे आत्मसंतुष्ट नहीं हो सकते, वे टकराव में कार्य नहीं कर सकते। उन्हें सहयोग से कार्य करना होगा और एक साथ संकल्प लेना होगा। उन्होंने दोहराया कि 'यह हमारे संविधान की प्रधानता है जो लोकतांत्रिक शासन की स्थिरता, सद्भाव और उत्पादकता को निर्धारित करती है। उन्होंने कहा, संसद, लोगों के जनादेश को दर्शाती है।

## जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात, इंडो पैसिफिक समेत इन मुद्दों पर होगी चर्चा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भारत की दो दिन की यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने उनका स्वागत किया। किशिदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। चीन की बढ़ती सैन्य मुखरता की पृष्ठभूमि में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती स्थिति के बारे में मोदी और किशिदा के बीच व्यापक वार्ता में चर्चा होने की संभावना है। जापानी प्रधान मंत्री की यात्रा लगभग 27 घंटे तक चलने की उम्मीद है। पंद्रह साल पहले शिंजो आबे ने पहली बार अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान इंडो-पैसिफिक सहयोग के बारे में बात की थी। किशिदा और मोदी दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में बाल बोधि वृक्ष का दर्शनभी करेंगे। विदेश मंत्रालय ने 10 मार्च को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि दोनों नेता पारस्परिक हित के



द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। किशिदा ने मार्च, 2022 में भारत की आधिकारिक यात्रा की थी और उसके बाद मई, 2022 में पीएम मोदी ने क्वाड शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए टोक्यो की यात्रा की थी। बता दें, क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए जापान के विदेश मंत्री योशीमासा हयाशी तीन मार्च को कुछ घंटों के लिए भारत आये थे। हयाशी और विदेश मंत्री डाक्टर एस जयशंकर के बीच द्विपक्षीय बैठक में जापानी पीएम और भारतीय पीएम के बीच होने वाली शिखर वार्ता की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई थी। जापान के विदेश मंत्री ने जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा नहीं लिया था, जिसको लेकर वहां की मीडिया ने किशिदा सरकार की काफी तीखी आलोचना की थी। एक अखबार ने यहां तक लिखा था कि किशिदा को वैश्विक कूटनीति की जीरो समझ है और उन्होंने अपने रणनीतिक साझेदार देश भारत को नाराज किया है। यह भी बताया गया कि दुनिया के सबसे अमीर सात देशों के संगठन जी-7 की बैठक मई, 2023 में जापान में हो रही है।

## ओआरओपी बकाये का चार किस्तों में भुगतान का पत्र वापस लेने की प्रक्रिया शुरू, सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में बताया है कि उसने वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) के बकाये





के चार किस्तों में भुगतान संबंधी अपने पत्र को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही 2019-22 के वर्षों के लिए पूर्व सैनिकों को 28 हजार करोड़ रुपये के बकाये का भुगतान की समय सारणी भी दाखिल की ओआरओपी बकायों का चार किस्तों में भुगतान पर एकपक्षीय फैसला करने के लिए शीर्ष अदालत ने 13 मार्च को सरकार की जमकर खिंचाई की थी। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने हलफनामा और अनुपालन नोट दाखिल किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सरकार से कहा था, अगर वह चाहती है कि समय बढ़ाने की उसकी याचिका पर सुनवाई की जाए तो उसे 20 जनवरी का अपना पत्र तत्काल वापस ले लेना चाहिए बता दें कि पीठ सोमवार को ओआरओपी बकायों के भुगतान पर इंडियन एक्स-सर्विसमैन मूवमेंट (आइईएसएम) की याचिका पर सुनवाई करेगी। 17 मार्च को अनुपालन नोट में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में उसका बजट आवंटन 5.85 लाख करोड़ रुपये है। इसमें से करीब 1.32 लाख करोड़ रुपये कुल पेंशन वितरण के लिए योजनागत व्यय है। इस वित्त वर्ष के लिए मंत्रालय के तहत सभी पेंशनभोगियों को 1.20 लाख करोड़ रुपये की धनराशि फरवरी, 2023 तक वितरित की जा चुकी है और इसमें कोई समस्या नहीं हुई है। ओआरओपी बकाये के भुगतान पर सरकार ने कहा, 'बकाये के लिए परिव्यय 28,000 करोड़ रुपये का है। 2022-23 के लिए नियोजित बजट परिव्यय इस भारी परिव्यय को एक बार में संभालने की स्थिति में नहीं है।

## केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने वकीलों से किया टेली ला कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरण रिजिजू ने रविवार को वकीलों से टेली ला कार्यक्रम में शामिल होने और कानूनी जागरूकता पैदा करने में न्यायाधीशों का समर्थन करने की अपील की। कर्नाटक भाजपा कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में रिजिजू ने लोगों को न्याय दिलाने में वकीलों द्वारा निभाई गई भूमिका को रेखांकित किया और लोगों को न्याय दिलाने में मदद करने के लिए कानूनी सहायता प्रदान करने की अपील की।केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि कर्नाटक कानूनी बिरादरी लड़ाई के लिए तैयार है, मैं वकीलों से भी अपील करता हूं कि वे टेली ला कार्यक्रम में शामिल हों और कानूनी जागरूकता पैदा करने के लिए न्यायाधीशों का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एलएएलएसए), राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एसएएलएसए) और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से लोगों के दरवाजे पर न्याय पहुंचाने में मदद करें।मंत्री ने बाद में कैंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत, केंद्रीय शिक्षा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात की। पूर्वोत्तर से ताल्लुक रखने वाले रिजिजू ने बेंगलुरु में रहने वाले छात्रों और पूर्वोत्तर के लोगों से भी बातचीत की।

## कोर्ट या न्यायिक फोरम में पेश नहीं हो सकते विदेशी वकील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआइ) ने रविवार को भारतीय वकीलों को आश्वासन दिया कि विदेशी अधिवक्ताओं और ला वकीलों और कानून फर्मों को विदेशी कानून, अंतरराष्ट्रीय कानूनी मुद्दों और मध्यस्थता मामलों जैसे क्षेत्रों में अभ्यास करने की अनुमति देने का एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है।





फर्मों को किसी भी अदालत या न्यायिक मंच पर पेश होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बीसीआइ ने कहा कि वे केवल अपने मुवक्किलों को विदेशी कानूनों और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के बारे में सलाह दे सकते हैं। बीसीआइ का यह आश्वासन विदेशी वकीलों और ला फर्मों को कुछ क्षेत्रों में वकालत करने की अनुमति देने के उसके हालिया फैसले के बाद आया है, जिस पर मिलीजुली प्रतिक्रियाएं आई हैं और कुछ गलतफहमियां भी पैदा हुई हैं। हाल ही में बीसीआइ ने विदेशी भारत में विदेशी वकीलों और विदेशी ला फर्मों के पंजीकरण और विनियमन के लिए बार काउंसिल आफ इंडिया रूल्स, 2022 को अधिसूचित करने के बीसीआइ के फैसले पर बार के नेताओं की मिलीजुली प्रतिक्रिया सामने आई।बीसीआइ सचिव श्रीमंतो सेन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि विदेशी वकीलों और ला फर्मों को अपने मुवक्किलों को केवल विदेशी कानूनों और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के बारे में सलाह देने की अनुमति होगी।

## आईसीएमआर ने कोरोना संक्रमित वयस्कों के लिए जारी किए दिशानिर्देश, एंटीबायोटिक्स के इस्तेमाल को लेकर दी ये सलाह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (छ्ण्ईं) ने देश भर में पिछले सप्ताह कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य



और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कोविड-19 नेशनल टास्क फोर्स ने वयस्क कोविड-19 रोगियों के प्रबंधन के लिए संशोधित क्लीनिकल गाइडलाइन जारी की है। संशोधित कोविड-19 दिशानिर्देशों के अनुसार, शारीरिक दूरी बनाए रखना, इंडोर मास्क का उपयोग, हाथ की स्वच्छता, लक्षण प्रबंधन (हाइड्रेशन, एंटी-पायरेटिक्स, एंटी-ट्रासिव) तापमान और ऑक्सीजन संतृप्ति (अंगुलियों के लिए एसपीओ जांच लागू) उपचार करने वाले चिकित्सक के संपर्क में रहना शामिल हैं। इसके अलावा दिशानिर्देशों में कहा गया है यदि सांस लेने में दिक्कत हो, तेज बुखार हो या गंभीर खांसी हो, विशेष रूप से यदि 5 दिनों से अधिक समय तक रहे तो तत्काल चिकित्सा का ध्यान रखें। आईसीएमआर की ओर से जारी संशोधित दिशानिर्देशों में कहा गया है कि एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग तब तक नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि बैक्टीरिया संक्रमण का क्लीनिकल संदेह न हो। इसके साथ ही अन्य संक्रमणों के साथ कोविड-19 के संक्रमण की संभावना पर विचार किया जाना चाहिए। हल्की बीमारी के दौरान सिस्टमिक और कॉर्टिको स्टेरॉयड देने की सलाह नहीं दी जाती है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक की राज्य सरकारों को परीक्षण, ट्रैक, उपचार और टीकाकरण की पांच स्तरीय रणनीति का पालन करने को कहा है, क्योंकि इन राज्यों में कोविड-19 के मामलें में पिछले कुछ दिनों में वृद्धि देखने को मिली है। बता दें कि 8 मार्च 2023 के अंत तक देश में कुव 2,082 मामले दर्ज किए गए थे, जो 15 मार्च के अंत तक बढ़कर 3,264 मामले हो गए हैं। इसी के चलते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को निर्देश जारी किए हैं।

## ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में के. कविता की याचिका पर कैविएट एप्लीकेशन की दायर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में अपने खिलाफ ईडी द्वारा जारी समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती वाली भारत राष्ट्र समिति की एमएलसी के. कविता की



याचिका के बाद जांच एजेंसी ने कैविएट एप्लीकेशन दायर की है। बता दें कि वादी द्वारा कैविएट एप्लीकेशन यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की जाती है कि बिना उसका पक्ष सुने उसके प्रतिकूल कोई आदेश पारित न किया जाए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और भारत राष्ट्र समिति नेत्री कविता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए कहा कि नियमानुसार किसी महिला को ईडी के कार्यालय में पूछताछ के लिए नहीं बुलाया जा सकता है और उससे पूछताछ उसके आवास पर होनी चाहिए। 15 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ईडी के समन को चुनौती देने वाली कविता की याचिका पर 24 मार्च को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया था। ईडी ने कविता को 16 मार्च को फिर से पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वह यह कहते हुए पेश नहीं हुईं कि उनकी याचिका शीर्ष कोर्ट में लंबित है।बता दें कि दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में ईडी ने 11 मार्च कविता से करीब नौ घंटे तक पूछताछ की थी। पूछताछ के दौरान कविता ने इंडो स्पिरिट में अपनी 32.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी होने और इसमें अरुण पिल्लई के उनका प्रतिनिधि होने से साफ इन्कार किया था। उनका कहना था कि दिल्ली में शराब के कारोबार से उनका कोई लेना-देना नहीं है। इस बीच, कविता रविवार को हैदराबाद से दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। कयास हैं कि वह सोमवार को ईडी के समक्ष पेश हो सकती हैं।

## विदेश से संबंधों में मायने रखती है देश की प्रगति'', विदेश मंत्री बोल अग्रणी शक्ति के रूप में उभरेगा भारत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मंगलुरु।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में देश का सामाजिक-आर्थिक विकास और घरेलू मोर्चे पर प्रगति या विफलता मायने रखती है। उडुपि में 'अमृत काल में भारत' विषय पर है। उन्होंने इस बात पर विश्वास व्यक्त किया कि 'अमृत काल' में भारत अग्रणी शक्ति के रूप में उभरेगा और एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। अर्थशास्त्र, जनसांख्यिकी, कौशल और प्रौद्योगिकी उस दिशा में इशारा लोकतांत्रिक क्रांति ला रहा है। देश ने एक डिजिटल प्लेटफार्म बनाया है, जिसने शासन को बदल दिया है और लीकेज को कम किया है। विदेश मंत्री ने पिछले एक दशक में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा उठाए गए उन कदमों का भी जिक्र किया,



आयोजित व्याख्यान को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि कोई देश ऐसा नहीं है, जो घर में औसत प्रदर्शन करे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसका बहुत ज्यादा सम्मान हो। विदेश मंत्री ने कहा कि विदेश नीति इस बात का प्रतिबिंब है कि घर में क्या हो रहा कर रही हैं। देश के युवाओं से अगले 25 वर्षों में वैश्विक कार्यस्थल के अनुरूप खुद को तैयार करने का आह्वान करते हुए जयशंकर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी का एकीकरण होगा। डिजिटल रूप से संचालित परिवर्तन प्रौद्योगिकी के मामले में भारत में एक मौन जिनसे गरीबी रेखा के नीचे जीवन जीने वाले लोगों को सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि महामारी शुरू होने के बाद पिछले ढाई साल से सरकार 80 करोड़ लोगों को खाद्यान्न मुहैया करा रही है। महामारी के सामाजिक पहलू से निपटने में यह महत्वपूर्ण कदम रहा है।

# जमुना जूनियर हाई स्कूल में बीती देर रात चोरी की कोशिश नाकाम

## तैनात सुरक्षाकर्मियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जमुना जूनियर हाई स्कूल में बीती देर रात चोरो ने हमला बोल दिया लेकिन वहाँ मौके पर तैनात सुरक्षा कर्मी मनीष यादव और शैलेंद्र गुप्ता की सूझ बुझ और बहादुरी से एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया । जब चोरों द्वारा मुख्य गेट से कूदकर विद्यालय में दाखिल होने की कोशिश की गई तो सुरक्षा कर्मियों ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए आसपास के लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित करने के लिए सिटी बजाई और साथ ही 112 नंबर पर तत्काल फोन कर पुलिस को भी संज्ञान में लिया ।तेज आवाज में सीटी की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी जागरूक हुए और पुलिस की गाड़ी का हूटर और सिटी की आवाज़ साथ में सुनते ही चोरो के होश उड़ गये और वो सभी भाग खड़े हुए । जिससे विद्यालय में बड़ा हादसा होते होते टल गया स्कूल प्रबंधन द्वारा सुरक्षा कर्मियों की प्रसंशा की गई और उनके इस प्रयास के लिए उन्हें बधाई दी गई है।




सूझबूझ से परिचय देने वाले सुरक्षाकर्मि

# 71वें अखिल भारतीय पुलिस एथलीट क्लस्टर चैंपियनशिप का उद्घाटन 21मार्च से

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** सशस्त्र सीमा बल के सीमांत मुख्यालय लखनऊ में हो रही इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य 71वें अखिल भारतीय पुलिस एथलीट क्लस्टर चैंपियनशिप का उद्घाटन करना है जो दिनांक 21 मार्च से 25 मार्च तक लखनऊ में साईं स्टेडियम और किसान पथ लखनऊ में संपन्न कराया जाएगा। लखनऊ शहर में लगभग 10 वर्षो के उपरांत होने वाली इस 71वें अखिल भारतीय एथेलीट गेम्स की मेजबानी सशस्त्र सीमा बल द्वारा की जा रही है सशस्त्र सीमा बल उत्तराखण्ड़ से लेकर अरूणाचल प्रदेश तक फैली भारत-नेपाल वभारत-भूटान सीमा पर तैनात है । नेपाल और भूटान सीमा की सुरक्षा के अतिरिक्त एसएसबी युवाओं और विद्यार्थियों हेतु समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यो में अपनी सेवाएं दे रही है । जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे योग




अभियान हेतु योग टीम भी अपनी सेवाएँ दे रही है।इस चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य 2028 में होने वाले ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन उच्च करना है। 21 से 25 मार्च को होने वाली इस प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत से केंद्रीय पुलिस बल, राज्य पुलिस बल और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 33 टीमों के लगभग 1368 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे जिसमें लगभग 898 पुरुष एवं 469 महिलाएं खिलाड़ी शामिल है। प्रतियोगिता के दौरान खेल की शोभा बढाने हेतु विभिन्न देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे योगा, बिहु, मराठी नृत्य, पंजाबी नृत्य और अवधी जैसे क्षेत्रिय कार्यक्रम शामिल भी है। इसके अतिरिक्त हमारे जॉज और ब्रास बैंड द्वारा लखनऊ के ऐतिहासिक स्थलों पर मनमोहक प्रस्तुतियों के द्वारा अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स कलस्टर को व्यापक प्रचार एवं प्रसार किया जा रहा है। पूर्व में वर्ष 2013 में उत्तर प्रदेश पुलिस के निर्देशन में अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर का आयोजन 35 वी वाहिनी पीएसी में संपन्न हुआ था तथा इस वर्ष स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, सरोजनी नगर लखनऊ में खो-खो और एथलीट, किसान पथ पर साइकलिंग इवेंट्स तथा कार्यक्रम का शुभारंभ 21 मार्च को प्रातः 10:00 बजे मुख्यमंत्री द्वारा 35वीं वाहिनी पीएसी महानगर, लखनऊ में किया जाएगा तथा प्रतियोगिता का समापन भारतीय हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के पुत्र एवं हॉकी खिलाड़ी, अशोक कुमार द्वारा कराया जाएगा ।

# आठ साल की बच्ची को प्रताड़ित करने वाली महिला अंजना सिन्हा और उसके पति अरुण कुमार सिन्हा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज में आठ साल की बच्ची को प्रताड़ित करने वाली महिला अंजना सिन्हा और उसके पति अरुण कुमार सिन्हा को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। धूमनगंज थाने के दरोगा प्रीत कुमार पांडेय ने एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 376 क, ख (यौन हिंसा) व 504, 506 और 323 के तहत रिपोर्ट दर्ज की। इंस्पेक्टर धूमनगंज राजेश मौर्या ने बताया कि इस मामले में अंजना और उसके पति अरुण दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आखिर किस अनहोनी की शिकार हुई चार माह पहले गोद ली गई मासूम,तीन दिन से फ्लैट से थी गायब : प्रेस सटाने से जलकर उधड़ी पीठ की चमड़ियां, सूजे हुए गाल और पेट से लेकर सीने तक चोट के नीले निशान देख किसी का भी कलेजा मुंह को आ जाएगा। प्रीतमनगर के सन साइन अपार्टमेंट के बी ब्लॉक स्थित 102 नंबर फ्लैट में चार माह पहले आई मासूम का यह हाल किन वजहों से हुआ। आखिर मासूम किस अनहोनी की शिकार हुई, इसे लेकर अनगिनत सवाल खड़े हो गए हैं। पड़ोसी भी फ्लैट की दीवारों के पीछे दबकर रह जाने वाली बेटी की चीख से बेखबर ह अलबत्ता लोगों को सिर्फ इतना पता है कि निःसंतान सिन्हा




दंपती के घर चार माह पहले ही इस मासूम को गोद लिए जो की बात सुनी गई थी। छावनी के आर्मी स्कूल में शिक्षक अरुण सिन्हा और उनकी पत्नी अंजना सिन्हा वर्ष भर पहले ही इस अपार्टमेंट में आए थे। अरुण ने इस फ्लैट को खरीद लिया है। इससे पहले इस दंपती के पास के ही घूंघट वाली गली में स्थित किसी घर में रहने की जानकारी मिली है। अभी इस अपार्टमेंट की सोसाइटी बिल्डर के ही पास है आसपास के लोग बोले- चार माह पहले आई थी : इस सोसाइटी को चलाने वाले उमेश बताते हैं कि सिन्हा दंपती का लोगों से बहुत मेलजोल नहीं था। तीन दिन से रंजना और उनके घर में रहने वाली मासूम दोनों ही नजर नहीं आ रहे थे। वह कहां थे और किन वजहों से फ्लैट से निकले थे, यह जांच का विषय है। चार महीने पहले आई मासूम के बारे में आसपास के लोगों को बस इतना ही पता है कि वह उनके मामा की बेटी थी, जिसे उन्होंने गोद ले लिया है। उस मासूम को सिन्हा दंपती के गोद लेने की बात कई लोगों ने कान से सुनी है, लेकिन हकीकत का पता किसी को भी नहीं है। गार्ड अज. सिंह का कहना है कि वह अंजना और उनके पति को सिर्फ आते जाते ही देखता था। वह बहुत कम लोगों से बातें करते थे। बच्ची भी घर से बहुत कम ही बाहर निकलती थी। पड़ोसियों से भी नहीं था कोई ताल्लुकात : पड़ोसियों की मानें तो उनका किसी के यहां आना जाना भी बहुत कम ही था। सिन्हा दंपती के स्वभाव और उनके बैक ग्राउंड के बारे में भी वहां लोगों को अभी ठीक से जानकारी नहीं है। उनके एक पड़ोसी ने नाम न छापने के आग्रह पर बताया कि सिन्हा दंपती ने बच्ची को गोद लेने की प्रक्रिया शुरू कराने की चर्चा की थी। अभी मासूम स्कूल पढ़ने भी नहीं जाती थी। वह मासूम कहां से और कैसे वहां आई, इसके बारे में भी लोगों को अभी जानकारी नहीं है। लेकिन, इतना जरूर कहा जा रहा है कि वह बालिका सिन्हा दंपती के रिश्ते की बताई जाती रही है। बालिका के अंजना और उनके पति के बर्ताव को लेकर भी कोई खुलकर बोलने के लिए तैयार नहीं था।

# अभी रौशन हुआ जाता है रास्ता वह देखो एक औरत आ रही है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।**जी हाँ बिना औरत हमारी ज़िंदगी मुकम्मल ही नहीं हो सकती और यही बात बार-बार अपने दम पर साबित करती आ रही हैं इस देश और दुनिया की वो औरतें जिन्होंने हमेशा से बेबस और बेसहारा शब्दों को दरकिनार कर अपनी अलग पहचान बनाई है. प्रयागराज उत्तर प्रदेश में 19 मार्च दिन इतवार को कुछ ऐसी ही बेजोड़ औरतों को शहर की प्रतिष्ठित संस्था फीयरलेस एंड फ्लौलेस ने 15 महिलाओं को सम्मानित कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया. इस कार्यक्रम को नाम दिया गया वुमन ऑफ सब्सटेंस अवार्ड 2023 उक्त कार्यक्रम शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में किया गया जहां मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती सावित्री चौहान ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति में 7 वर्षीय वैष्णवी चावला ने ठना कजरे की धारठ गीत को बिल्कुल अलग ढंग से पेश किया और दर्शकों का मन मोह लिया संस्था की संस्थापिका श्रीमती असरा नवाज़ ने विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित की गई उन 15 महिलाओं को धन्यवाद दिया जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और जिनके दम से प्रयागराज अपना सर घर से उठा सकता है सम्मानित की गई महिलाओं के नामों में श्रीमती रंजना गुलाटी, पद्मश्री डॉ राज बवेजा, आयुर्वेद रत्न डॉ सरोज धींगरा, श्रीमती अनु अग्रवाल, श्रीमती हिना खान, श्रीमती अवंतिका टंडन, श्रीमती पल्लवी अरोड़ा (सचिव जिला महिला व्यापार मंडल), श्रीमती पूनम रे (पूर्व अध्यक्ष रोटरी प्रयागराज), श्रीमती अर्चना तुलसियानी , खानम आर्ट गैलरी की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर ज़ाहिदा खा़नम, जहान किचन की संस्थापिका श्रीमती जहान हुसैन, रक्षा संस्था से सुश्री वंशिका गुप्ता, दंत चिकित्सक डॉक्टर हुमा आतिफ और श्रीमती ताहिरा काज़मी (अधिवक्ता -इलाहाबाद हाईकोर्ट) रहे।




आधुनिक गेस्ट हाउस



विशेषताएं -
- पूर्णत: वाटर प्रूफ (टीन शेडेड)
- गेस्ट हाउस के भीतर ही पार्किंग की सुविधा
- गेस्ट हाउस के भीतर ही मन्दिर
- सम्पूर्ण गेस्ट हाउस में सीसीटीवी कैमरे की सुविधा
- छोटे-बड़े समस्त कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग रेट
- लगभग 45000 sq. ft. एरिया के हरे-भरे वातावरण में विस्तृत गेस्ट हाउस



आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औद्योगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औद्योगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज
बुकिंग सम्पर्क सूत्र 8816897337 , 9415608783 , 9415608710
SATYAM # 9305124298


# फरियादियों की शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण मुख्य विकास अधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन का शत प्रतिशत निर्वहन करें। उन्होंने निर्देशित किया की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करायें। उन्होने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। भूमि विवादों



मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुये कहा कि शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।इसलिये जन सामान्य की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई कदापि न बरती जाये, सभी अधिकारी अपने कार्यों एवं दायित्यो से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाय। पट्टी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 207 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 207 शिकायतों में से 82 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 54, विकास विभाग से 23, समाज कल्याण से 05, शिक्षा विभाग से 03, स्वास्थ्य विभाग से 02 एवं 38 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी पट्टी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक



# पौष्टिक भोजन से गर्भवती महिला और गर्भस्थ रहेगा तंदुरुस्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** तीन दिवसीय यूपीकॉन का समापन देश-दुनिया से 1200 डॉक्टरों ने कान्फ्रेंस में लिया हिस्सा लखनऊ,गर्भावस्था के दौरान नियमित शारीरिक गतिविधि करने के साथ पौष्टिक भोजन करें। जो महिला व गर्भस्थ शिशु के विकास में मदद करता है। गर्भवती महिला के स्वस्थ वजन बढ़ाने में मदद करता है। जन्म के समय शिशु का स्वस्थ वजन का होता है। यह बातें यूपीकॉन 2023 के आयोजक सचिव डॉ. प्रीति कुमार ने दी।

केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में रविवार को तीन दिवसीय यूपीकॉन 2023 कान्फ्रेंस का समापन हुआ। कान्फ्रेंस का आयोजन लखनऊ अब्सट्रेक्टस एंड गायनकोलॉजिस्ट सोसाइटी (एलओजीएस) और गायनी एकेडिमक वेलफेयर एसोसिशन की ओर से हुआ। इसमें देश-विदेश से करीब 1200 डॉक्टरों ने शिरकत की। 600 से अधिक स्टाफ नर्स को सामान्य प्रसव के लिए प्रशिक्षित किया गया। थोड़े-थोड़े अन्तराल में खाएं डॉ. प्रीति कुमार ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान अच्छा पोषण महत्वपूर्ण होता है। महिलाओं को थोड़े-थोड़े अंतराल में भोजन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भोजन में दाल, चावल व रोटी खाएं। साबुत अनाज वाले खाद्य पदार्थ विटामिन और आहारीय फाइबर से भरपूर होते हैं, जो आपको कब्ज से बचाते हैं। साबुत अनाज से बने उत्पादों का चयन करें। इसमें ब्राउन राइस और आटे की ब्रेड फायदेमंद है। चपाती या पिटा ब्रेड बनाते समय चोकर युक्त गेहूं के आटे फायदेमंद है। फल-




सब्जियां फायदेमंद डॉ. प्रीति कुमार ने बताया कि सब्जियां और फल विटामिन और मिनरल के अच्छे स्रोत हैं। गहरे हरे रंग की सब्जियां फोलिक एसिड भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से भ्रूण को न्यूरल ट्यूब दोष से प्रभावित होने से बचाता है। संतरे और कीवी जैसे फलों में पाया जाने वाला विटामिन सी आपके शरीर को आयरन अवशोषित करने में मदद करता है। कद्दू, टमाटर और गहरे हरे रंग की सभी सब्जियां कैरोटीन से भरपूर होती हैं, जिसे शरीर में विटामिन ए में बदला जा सकता है। फास्ट फूड के सेवन से बचें मांस, मछली, अंडे भी खा सकती हैं। सोयाबीन व मेवे भी गर्भावस्था में लाभदायक हैं। खाने की इन वस्तुओं में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, आयरन और विटामिन बी-12 होता है। दूध-दही, गुड का सेवन भी करें। कान्फ्रेंस की चेयरपर्सन डॉ. चन्द्रावती ने बताया कि ज्यादा तली भुनी वस्तुओं से सेवन से बचना चाहिए। फास्ट फूड, पिज्जा, कोल्ड ड्रिंक, छोले-भटूरे, चाउमीन के सेवन से परहेज किया। प्रसव के बाद रक्तस्राव गंभीर फॉग्सी की जनरल सकेट्री डॉ. माधुरी पाटिल ने बताया कि प्रसव के दौरान या बाद में रक्तस्राव से महिलाओं की जान जोखिम में पड़ सकती है। इसे पोस्ट पार्टम हेमरेज (पीपीएच) कहते हैं। यह प्रसव के बाद 12 सप्ताह तक हो सकता है। इसके अधिकतर मामले सिजेरियन डिलीवरी में देखें गए है। उन्होंने बताया है कि भारत में हर 10 हजार से 100 महिलाओं में डिलीवरी के दौरान या बाद में पीपीएच की समस्या होती है। चिंता की बात यह है कि पीपीएच के लक्षण हर महिला में अलग हो सकते हैं। प्रमुख लक्षण अधिक रक्तस्राव। ब्लड प्रेशर में गिरावट, धड़कन का बढ़ना व हीमोग्लोबिन में कमी हो सकती है। समय पर लक्षणों की पहचान कर प्रसूता को गंभीर होने से बचाया जा सकता है। बार-बार गर्भपात घातक डॉक्टर पारुल गुप्ता ने बताया बार-बार गर्भपात महिला की सेहत के लिए घातक साबित हो सकता है। परिवार नियोजन के साधनों का इस्तेमाल कर इस खतरे से आसानी से बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि अनचाहे गर्भ के ठहरने के बाद लोग बिना डॉक्टर की सलाह के मेडिकल स्टोर से दवा खरीदकर खाते हैं। ऐसे में पूरी तरह से गर्भपात नहीं हो पाता है। ये आपके लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। इनका प्रभाव भविष्?य में होने वाली प्रेग्?नेंसी पर भी पड़े। गर्भपात कराने वाली गोलियां प्रेग्?नेंसी हॉर्मोन प्रोजेस्?टेरॉन के उत्?पादन को बंद कर देती हैं। इसका परिणाम यह है कि भ्रूण गर्भाशय से अलग होकर बाहर आने लगता है। गर्भाशय का संकुचन ब्?लीडिंग को बढ़ा देता है। यह आपके पीरियड की ब्?लीडिंग से ज्?यादा मात्रा में हो सकती है। यह कुछ दिनों, हफ्तों से लेकर एक महीने तक हो सकती है। उन्होंने बताया कि शरीर में ऐंठन और जी मितली करने जैसे गंभीर लक्षण हो सकते हैं।

# सरकार ने 650 आउटसोर्सिंग और संविदाकर्मियों की सेवाएं की समाप्त, फिर भी हड़ताल पर अड़े कर्मचारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ/प्रयागराज।** प्रदेश में बिजली-पानी न मिलने से मचा हाहाकार, हाईकोर्ट सोमवार को करेगा सुनवाई करेली में लोगों ने किया चक्का जाम, सीएम योगी से विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग शहर के कई इलाकों में जलापूर्ति ठप सब स्टेशनों पर लटका ताल क्ष्यूपी में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल से सरकार के साथ आम आदमी की परेशानी बढ़ गई है। सरकार ने हड़ताल से निपटने के लिए आउटसोर्सिंग और संविदा पर प्रदेशभर में तैनात करीब 650 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी। फिर भी कर्मचारी हड़ताल पर अड़े हैं। गुरुवार रात 10 बजे से शुरू हुई 72 घंटे की हड़ताल के शुरुआती 35 घंटे में प्रदेशभर में करीब 30 लाख से ज्यादा कस्टमर बिजली कटौती से परेशान रहे हैं। पूर्वांचल, पश्चिमांचल, दक्षिणांचल और मध्यांचल समेत केस्को और नोएडा पावर कंपनी में कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब बढ़ रहा है। प्रदेश में कई जिले ऐसे हैं, जहां



80 प्रतिशत बिजली आपूर्ति बाधित हो चुकी है। वजह है फॉल्ट को ठीक नहीं किया जा रहा है। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मेरठ, आगरा और बरेली समेत कई शहरों में पहले दिन ही जबरदस्त संकट पैदा हो गया। सरकार से लेकर प्रशासन सप्लाई ठीक रखने के लिए जोर लगाए है, लेकिन कर्मचारियों के बिना यह मुश्किल हो रहा है। उधर, लगातार कटौती से लोगों का सब्र का बांध टूट रहा है। बिजली पानी के लिए मंचा है त्राहि त्राहि। खुसरुबाग पानी की सप्लाई बंद होने से करेली में पानी को तरस रहे हैं लोग कल्याणी देवी खण्ड, मोहम्मद अलीपार्क से जुड़े, शाहगंज, एरिया इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में कल सुबह 8 बजे से लाइट नही आ रही है। पानी और बिजली को लेकर करेली पावर हाउस वाली 60ञ्फीटञ्रोड पर विद्युत कटौती के विरोध में लोगों ने चक्का जाम किया, लोगों के घर में पानी ना आने की वजह से लोगों ने सुबह-सुबह लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। करेलाबाग सब स्टेशन में कल से ताला बन्द है, करेलाबाग पम्पिंग स्टेशन से आधे शहर की पानी सप्लाई बाधित है, सरकार के दावे खोखले नजर आ रहे हैं। शहरवासियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। जैसा कि आप लोगो को मालूम है कि उत्तर प्रदेश सरकार बिजलीघर प्राइवेट सेक्टर को बेचने के विरूद्ध हडताल पर चले गये है जिसके कारण कई जगह बिजली ना आने से परेशानी हो रही है। बिजली कर्मचारियों के हड़ताल के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कर्मचारी नेताओं को अवमानना नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ को वारंट तामील कराने के आदेश दिए हैं। अदालत ने कर्मचारी नेताओं को 20 मार्च को तलब किया है। हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि यह हड़ताल हाईकोर्ट के उस पुराने आदेश के खिलाफ है, जिसमें कहा गया है कि बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए।

# अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्य अतिथि ने कहा महिलाओ को बड चढ कर आगे आना चाहिए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** हर साल कि भाती इस साल भी सी0जी0 एच 0एस0 प्रयागराज मे काम करने वाली महिलाओ ने बडी ही धुम धाम से अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया कार्यक्रम का आयोजन बड़ी भव्य तरीके से अयोजन किया गया था सभी सम्मानित महिलाओ को इस कार्यक्रम मे बुलाया गया था कार्यक्रम का आयोजन डॉ भारती शुक्ला एव नूतन सिंह ने किया एव सारा कार्यक्रम का निदेशक डॉ0 ऋतु अग्रवाल अपर निदेशक सी जी एच एस प्रयागराज के अध्यक्षता मे किया गया -कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ 0 मौर्य रही मुख्य अतिथि ने कहा कि महिलाओ का सम्मान हमेशा करना चाहिए चाहे वो घर कि गृहिणी हो या बाहर काम करने वाली महिला हो सभी का सम्मान करना चाहिए वही नूतन सिंह ने कहा कि महिलाओ का सम्मान करना हमेशा करना चाहिए वो न कि साल मे एक दिन सम्मान करना और बाकि दिन उनका अनादर करना एसा नही होना चाहिए महिलाओ का सम्मान हर समय होना चाहिए कार्यक्रम मे सभी सम्मानित महिलाओ को फुलो का गुझा एव गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया गया इस कार्यक्रम मे श्रीमती कचन सिंह, श्रीमती स्मिता जयसवाल, एव सी जी एच एच प्रयागराज की अन्य महिलाओ एव कर्मचारीयो ने महिला सशक्तिकरण के समर्थन मे कविता पाठ एव विभिन्न प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।



# यूपीञ्बोर्ड की कापियों की जांच शुरू, अपने स्कूल की उत्तर पुस्तिका नहीं जाचेंगे परीक्षक



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से प्रदेशभर के 258 केंद्रों पर शुरू होगा। कुल 3.19 करोड़ उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए करीब 1,43,933 लाख परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने उप नियंत्रकों को निर्देशित किया है कि कोई भी परीक्षक किसी भी दशा में उस स्थान या विद्यालय के परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाएं नहीं जांचेंगा जहां वे स्वयं अध्यापक हैं या किसी अन्य रूप से संबद्ध हैं। केंद्रों पर अंग्रेजी माध्यम की जो उत्तरपुस्तिकाएं प्राप्त हों उनका मूल्यांकन अंग्रेजी माध्यम के योग्य शिक्षकों से ही कराया जाए। छात्र ने प्रश्नों की क्रम संख्या गलत लिख दी हो तो उसे ठीक कर लें। मूल्यांकन सीसीटीवी की निगरानी में कराया जाएगा और पहली बार प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक अप्रैल तक चलेगा।

# अतीक की पत्नी के पोस्टर जारी करेगी यूपी पुलिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** शाइस्ता परवीन के हुलिए के आधार पर तैयार किया जाएगा उमेशञ्पाल हत्याकांड में फंसे बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं




ले रही हैं। एक तरफ अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और बेटे असद की तलाश में पुलिस चप्पे-चप्पे पर छापेमारी कर रही है तो वहीं अतीक के दो बेटे कहां हैं, इसकी जानकारी अभी तक नहीं हो पाई है। इसी बीच एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। यूपीञ्पुलिस अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के पोस्टर जारी करेगी। यह पोस्टर शाइस्ता परवीन के हुलिए के आधार पर तैयार किया जाएगा। सार्वजनिक जगहों पर ये पोस्टर लगाए जाएंगे। यही नहीं सोशल मीडिया भी पोस्टर जारी किए जाएंगे। बता दें कि शाइस्ता परवीन पर पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। सूत्र बताते हैं कि जल्द ही पुलिस इनामी राशि को बढ़ाकर 50 हजार कर सकती है। शाइस्ता परवीन का अभी तक पता नहीं चल सका है। बीते शुक्रवार को पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी थी। पुलिस को शाइस्ता परवीन की लोकेशन मिली थी। पुलिस ने शाइस्ता की लोकेशन कॉल डिटेल के माध्यम से निकाली। लोकेशन मिलने के बाद पुलिस की एक टीम वहां से रवाना की गई थी, लेकिन अभी तक शाइस्ता परवीन को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा)
- डेटा इंट्री आपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशियन
- सीएनसी प्रोग्रामिगं
- इलेक्टिक मैकैनिक

फिटर
वेल्डर
सीसीए
रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
सिक्योरिटी सर्विस
बेसिक कम्प्युटर
कम्प्युटर हाडवेयर




| Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com |
| --- | --- |

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# प्रयागराज में हड़ताल से बिजली-पानी सप्लाई ठप्प, अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार का ऐलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** बिजली विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन गहरा गई है। लाखों उपभोक्ताओं को रात से ही बिजली की समस्या से जूझना पड़ा रहा है। उपकेंद्रों के फीडर बंद होने से शनिवार को भी सप्लाई ठप्प रही और पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही। इससे जिले की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। वहीं जिला अधिवक्ता संघ ने बिजली हड़ताल को लेकर कचहरी में शनिवार को कार्यबहिष्कार का ऐलान किया है। सिविल लाइंस, ममफोर्डगंज, कटरा, कर्नलगंज, तेलियरगंज समेत कई मोहल्लों में प्रातः काल से विद्युत कटौती हो गई है। जिसके कारण पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो गई। वहीं आम जनता परेशान है। कल्याणी देवी खण्ड, मोहम्मद अलीपार्क से जुड़े इलाके, शाहगंज इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में कल सुबह 8 बजे से आपूर्ति ठप्प है। करेलाबाग सब स्टेशन में कल से ताला बन्द है। वहीं जनरेटर का इंतजाम कर चल रहे स्वास्थ केंद्रों में दूसरे दिन ऑपरेशन को लेकर समस्या खड़ी हो गई। जिला प्रशासन द्वारा विद्युत उपकेंद्रों पर जिन कर्मचारियों को लगाया गया था। वे बंद आपूर्ति को पूरी तरह प्रारंभ कराने में नाकाम रहे। शहर के उपकेंद्रों की बिजली गुल हुई, लेकिन शुक्रवार देर रात तक जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक आवास की आपूर्ति जारी रही।

# प्रयागराज सेण्ट्रल जेल नैनी मे छापा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सूत्रों के अनुसार एडीएम सिटी मदन कुमार और डीसीपी संतोष कुमार मीणा जब स्पेशल सेल के तन्हाई बैरक में रखे गए अतीक के बेटे अली के पास पहुंचे तो वह शर्ट और लोअर पहने बैरक के अंदर टहल रहा था। दो बंदी रक्षक वहां अलर्ट दिखे। इस दौरान टीम ने अली से बात करनी शुरू की। उससे भाई असद की पढ़ाई के बारे में पूछा। अली ने बताया कि वह पढ़ने में तेज है। हाईस्कूल तक की पढ़ाई उसने प्रयागराज से की है। इंटरमीडिएट लखनऊ के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल से किया है।अधिकारियों ने फिर से सवाल पूछा कि असद क्या बनना चाहता था। अली का जवाब था, वह पढ़ने के लिए विदेश जाना जाता था। उसने ब्रिटेन जाने के लिए तीन बार वीजा के लिए अप्लाई किया, लेकिन पिता और चाचा के आपराधिक पृष्ठभूमि की वजह से हर बार उसका वीजा खारिज कर दिया गया। इसलिए वह ब्रिटेन की एक यूनिवर्सिटी से ऑनलाइन कोर्स के माध्यम से पढ़ाई कर रहा है।अधिकारियों ने अली से अगला सवाल किया कि जब अतीक अहमद इस जेल में था तो उसका खाना कहां से आता था? अली ने जवाब दिया बाहर से। उसने कहा कि हमारे अब्बा बाहर का खाना खाते थे। इसके लिए बकायदा दो आदमी लगे हुए थे। जो दोनों टाइम उनका खाना ले जाते थे।अली से अधिकारियों ने पूछा कि असद कहां है, उसने जवाब दिया पता नहीं मैं तो जेल में हूं। उमेश पाल हत्याकांड के बारे में पूछे गए सवाल पर भी उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। बस इतना कहा कि तन्हाई में रहते रहते बोर हो गया हूं, कितनी किताब पढ़ू और कोई काम नहीं है।बता दें कि अली से मिलने वालों पर रोक लगा दी गई है। अब सिर्फ उसके अधिवक्ता ही उससे मिल सकते हैं। उसे सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को छापेमारी के दौरान आईपीएस और आईएएस अधिकारियों से बात करते समय जिस तरह की निश्चिंतता अली के चेहरे पर दिख रही थी, उससे पता ही नहीं लग रहा था कि उसके भाई की जान संकट में है।

# बरनवाल सेवा समिति के द्वारा आयोजित किया गया होली मिलन समारोह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** नगर में बरनवाल सेवा समिति की ओर से रविवार को महंत शिवाला स्थित यशोदा निकुंज में मीडिया प्रभारी सुजीत बरनवाल के नेतृत्व में होली मिलन समारोह सह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री व जिले की लोकप्रिय सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल एवं विशिष्ट अतिथि नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष वैश्य सभा श्रीकांत बरनवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन सूचना मंत्री रत्नेश बरनवाल एवं कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष बरनवाल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अहिबारन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद मीडिया प्रभारी सुजीत कुमार बरनवाल और पूरी आयोजन टीम के सदस्यों व महिला पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि श्रीमती पटेल, नगर विधायक श्री मिश्रा जी को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर कर सम्मानित किया गया । इसके साथ ही बरनवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजू गुप्ता को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । सभी बच्चों ने बारी बारी से अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रयागराज से चलकर आए कलाकार और उनकी पूरी टीम ने समा बांधने का काम किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपना दल (एस) व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रेम, एकता सद्भावना एवं अच्छाई और सच्चाई और सर्वधर्म समभाव का प्रतीक है होली। ईश्वर के प्रति विश्वास व प्रेम की डोरी है होली। और आगे का जब मनुष्य के अंदर राग द्वेष ईर्ष्या छल कपट अहंकार और बुराई व्याप्त होती है तो होली ही उसे दूर कर पाती है क्योंकि ईर्ष्या व बुराई दिलों को तोड़ती है तो वहीं प्रेम, सद्भावना एवं भक्ति का प्रतीक पर्व होली दिलों को जोड़ती है। इसलिए हम सबको एक संकल्प लेकर चलना होगा कि समाज के अंदर जो बुराइयां हैं उसको दूर करनी है जिससे हमारी एकता भाईचारा बनी रहें। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष राम लौटन बिंद, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री श्रीमती रेखा वर्मा, प्रदेश महासचिव आईटी मंच दुर्गेश पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच रामवृक्ष बिंद, युवा मंच जिला अध्यक्ष उदय पटेल, नगर जोन अध्यक्ष रतन जयसवाल, हर्षित पटेल, शेषमणि बिंद आदि लोग उपस्थित रहें?। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

# 17 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच में दुद्धी व महुली की टीम 1-1 गोल कर बराबर पर रहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दुद्धी/सोनभद्र।** मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वाधान में 17 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मैत्रीपूर्ण सुपर संडे फुटबॉल मैच



में दुद्धी व महुली की टीम का शानदार मैच का आगाज रामलीला मैदान दुद्धी पर आयोजित हुआ, मैत्रीपूर्ण मैच के प्रथम पाली में महुली की टीम ने पहला गोल किया, ततपश्चा दुद्धी की टीम के खिलाड़ी हिमांशु ने प्रथम पाली में ही गोल कर एक-एक की बराबरी पर मैच पहुंचा दिया त् जलपान उपरांत दूसरी पाली में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी जबकि दोनों ही टीम के रेफरी ने पांच 5 मिनट का अतिरिक्त समय टीम को दिया टाईब्रेकर के बाद पेनाल्टी शूट आउट में भी रेफरी ने अवसर दोनों ही टीम को प्रदान किया यहां भी दोनों टीम ने बराबरी कर एक-एक गोल किए इस प्रकार रोमांचक मैत्रीपूर्ण सुपर संडे फुटबॉल मैच में बराबरी पर दोनों टीमें रही रेफरी का दायित्व सुधीर कुमार द्वारा निभाया गया त् कार्यक्रम के संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका आनंद प्रकाश द्वारा निभाया गया त् इस मौके पर संरक्षक जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता एडवोकेट, सचिव श्रवण कुमार कोषाध्यक्ष डॉक्टर इश्लामूल, उपेन्द्र तिवारी,हुदा,सेराज खान संगीता वर्मा, धर्मेंद्र प्रधान, राहुल अग्रहरि, बादल, आंसू, खुशबू, प्रियंका, पलक आदि दर्जनों खिलाड़ी मौके पर मौजूद रहे त् दर्शकों ने जमकर फुटबॉल का लुफ्त उठाया और क्रिकेट के खिलाड़ियों ने मैत्रीपूर्ण मैच में सहयोग व उत्साहवर्धन प्रदान किया।

# विन्ध्य महोत्सव के अन्तर्गत दिवान घाट पर प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा आयोजित की जायेगी गंगा महा आरती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** नामी गिनानी कलाकार के द्वारा रोडवेज परिसर में किया जायेगा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु सूचना विभाग लगायी जा रही है



प्रर्दशनी जिलाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी मीरजापुर 18 मार्च 2023- मां विन्ध्यवासिनी देवी धाम विन्ध्याचल में आगामी 21/22 मार्च 2023 की मध्य रात्रि से प्रारम्भ होकर 30 मार्च 2023 तक चले वाले चैत्र नवरात्र एवं विन्ध्य महोत्सव के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने प्रेस प्रतिनिधियों वार्ता के दौरान बताया कि 82.5 डिग्री प्वाइंट (आई0एस0टी) पर एक सेल्फी प्वाइंट बनाया जा रहा है। सी0एस0आर0 मद से 04 गोल्फ कार्ट जो अशक्त व दिव्यांगजनों के लिए पुरानी, वी0आई0पी0, न्यू वी0आई0पी0 व कोतवाली गली से प्रतिदिन चलायी जायेगी। त्रिकोण दर्शन हेतु रोडवेज बस अड्डे से काली खोह व अष्टभुजा तक के मार्ग पर प्रतिदिन दिनांक 22.03.2023 से 30.03.2023 तक एक इलेक्ट्रिक बस (सी0एस0आर0 मद से क्रय की गयी है) लगातार चलायी जायेगी। चैत्रत्र नवरात्र मेला में उवप्रव विन्ध्य धाम तीर्थ विकास परिषद के तत्वाधान में 09 दिवसीय विन्ध्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दिनांक 22.03.2023 से 30,03.2023 तक प्रतिदिन भजन संध्या, वंदना, गंगा आरती, व अन्य विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन स्थानीय व प्रसिद्ध वाह्य कलाकारों द्वारा किया जायेगा। जिसका लाइव प्रसारण एल0ई0डी0 के माध्यम से जिसका लाइव प्रसारण मंदिर के सामने स्थित कोतवाली गली, न्यू0 वी0आई0पी0, ओल्ड वी0आई0पी0 व रोडवेज बस अड्डा स्थित विन्ध्य महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर भी दिखाया जायेगा। दिनांक 26.03.2023 को विन्ध्य महोत्सव के अन्तर्गत दिवान घाट पर गंगा महा आरती प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा आयोजित की जायेगी। तत्तपश्चात नौका दीपोत्सव, आकाशीय आतिशबाजी व भजन साण्उड प्रसारण इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन दीवान घाट पर किया जायेगा, जिसका लाइव प्रसारण मंदिर के सामने स्थित कोतवाली गली, न्यू0वी0आई0पी0, ओल्ड वी0आई0पी0, पक्काघाट, दिवानघाट व रोडवेज बस अड्डा स्थित विन्ध्य महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर भी दिखाया जायेगा। 29.03.2023 से 30.03.2023 तक रामेश्वरम् मंदिर पर अखण्ड मानस पाठ का आयोजन किया जायेगा। तीनों मंदिरों यथा विन्ध्याचल, अष्टभुजा व काली खोह का देशी व विदेशी पुष्पों से भव्य सजावट किया जायेगा। महेत्सव स्थल पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रचार प्रसार हेतु वृहद चित्र प्रदर्शनी भी लगायी जा रही है जो आने वाले यात्रियों के लिये आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिट्रेट विनय कुमार सिंह सहित प्रेस प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# राज कुमार सागर सह संयोजक/ कार्यक्रम प्रभारी मनोनीत किये गये

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच (एन सी आर एम् यू) रेलवे (केन्द्रीय, कर्मचारी, राज्य कर्मचारी,शिक्षक,पेसनर्स ) के बैनर तले आल इंडिया के जनपद मुख्यालय पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु करेंगे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, केन्द्र राज्य सरकारों का कराएंगे ध्यानाकर्षण आज दि019/3/2023को पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच पया़गराज की एक बैठक सदर तहसील में लेखपाल संघ पया़गराज के अध्यक्ष राजकुमार सागर की अध्यक्षता में समय 2बजे दिन में आहुत की गई। जिसमें मंच के मण्डल सह संयोजक इ0बी के पाण्डेय, जनपद सहसंयोजक राग विराग, सहसंयोजक /सचिव विनोद कुमार पांडेय ने मंच द्वारा आन्दोलन कार्यक्रम में लेखपाल संघ के सदस्यों को संत पति़शत पति़भाग करने की अपील की गई और लेखपाल संघ के अध्यक्ष को मंच का सहसंयोजक/ धरना, पद्र्नश /मशाल जुलूस का प्रभारी बनाए जाने की घोषणा परिषद अध्यक्ष राग विराग जी द्वारा की गई, उसके बाद पी डब्लू डी, विकास भवन के सभी विभागों, में जिला मुख्यालय पर पोस्टर लगाए गए बैठक को सम्बोधित करने वालों में लेखपाल संघ के सभी तहसीलों के अध्यक्ष, मन्त्री अन्य पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन लेखपाल संघ के मन्त्रीअवनीश पाण्डेय जी ने किया।

# झारो लैम्पस के अध्यक्ष बने शिवप्रसाद लक्ष्मण उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दुद्धी/सोनभद्र।** झारो लैम्पस में आज लैम्पस अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें कुल 9 नवनिर्वाचित संचालकों ने अपने ने इसकी घोषणा करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं दुद्धी लैम्पस अध्यक्ष का चुनाव अपरिहार्य कारणों से



मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें कादल के शिवप्रसाद ने 5 मत पाकर झारो लैम्पस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए वहीं निकटम प्रतिद्वंदी मनबसा के नन्दकिशोर ने 4 मतों पर संतोष करना पड़ा। झारो लैम्पस के उपसभापति पद पर लक्ष्मण प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित हुए । चुनाव अधिकारी अरुण कुमार वर्मा स्थगित कर दी। चुनाव अधिकारी विजय बहादुर ने इसकी घोषणा करते हुए इसकी नोटिस लैम्पस के बाहर चस्पा कर दी। वहीं बघाडू लैम्पस अध्यक्ष का चुनाव भी चुनाव अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी जिसकी नोटिस लैम्पस कार्यालय के बाहर चस्पा कर दी।

# रेंजर ने अवैध कटान में लिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार के भेजा जेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दुद्धी/सोनभद्र।** विंढमगंज रेंज में लकड़ी तश्करो व अवैध कटानकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विंढमगंज रेंजर ने कमर कस ली है ,इसी क्रम में उन्होंने ग्राम बासीन के निवासी एक अभियुक्त मानजीत गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रामनरेश को वन क्षेत्र हरनाकछार कंपार्टमेंट नम्बर 9 में खैर व साखू के दो पेड़ काटने ,जंगल मे अतिक्रमण व आग लगाने के जुर्म में गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया जहां से अभियुक्त को वन अपराध के जुर्म में जेल भेज दिया गया । रेंजर इमरान खान ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ 5/26 वन



अधिनियम व 9/5 वन जीव संरक्षण अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है । उन्होंने बताया कि पेड़ो की अवैध कटान व वन्त भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले किसी भी कीमत पर बक्शे नही जायेगें। अभियुक्त को पकड़ने में वन दरोगा सर्वेश सिंह व वनरक्षक अवधेश कुमार ,बीट प्रभारी सुनील कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# बिजली कर्मचारियो कि खत्म हुई हडताल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** यूपी में बिजली कर्मियों की हड़ताल अभी अभी खत्म हो गई है। 65 घंटे चली हड़ताल से



ळझ् की जनता परेशान थी। रविवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और बिजली कर्मचारी नेताओं के बीच तीसरे राउंड की बैठक में बात बनी। इसके बाद बिजली कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म होने का ऐलान किया। सरकार ने जो 3000 लोगों को निकाला था, 22 लोगों पर एस्मा लगाया था, 29 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया था... ये सब सरकार वापस लेगी। वर्ष-2021 से फरार चल रहा गांजा तस्कर ? 25 हजार का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार – पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों/वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन-अनिल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना मड़िहान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है । ज्ञातव्य हो कि दिनांकः30.08.2021 को कंटेनर में लदे 5.25 कुंतल गांजा के साथ 02 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया था तथा अभियुक्त सत्येन्द्र सिंह तभी से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें प्रयासरत् थी । आज दिनांकः18.03.2023 को स्वाट, एसओजी व थाना मड़िहान की सयुक्त पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान पर पंजीकृत मु0अ0सं0-135/2021 धारा 8/20, 60(2) एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित ? 25 हजार के ईनामियां अभियुक्त सत्येन्द्र सिंह पुत्र बाबूलाल निवासी बलुवन थाना विसम्भरपुर जनपद गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

# विज्ञान प्रौद्योगिक परिषद उतर प्रदेश द्वारा सोनभद्र से 100 विद्यार्थियो को कराया गया भ्रमण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** विज्ञान एव प्रौद्योगिक परिषद उत्तर प्रदेश के द्वारा जिला विज्ञान क्लब सोनभद्र के माध्यम से 10,माध्यमिक विद्यालयो (यूपी के द्वारा हरि झण्डी दिखाकर सुबह 7 बजे बस को रवाना किया जिला विज्ञान क्लब सोन के जिला समन्वयक अरविन्द सिंह चौहान, प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्या शारदा इंटर कॉलेज रावट्र्सगंज से 10 विधायर्थीयो के साथ -महेंद्र कुमार आदर्श इंटर कॉलेज 10,विधायर्थीयो के साथ -आन्द देव पाण्डेय जय ज्योति इंटर





बोर्ड एव सीबीएसई के मेधावी 100,विधायर्थीयो को भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान बीएचयू) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय आर्टिफिशयल इंटेलिजंस, ई फ्लाइंग विग ,ड्रोम, रोबोटिक, शो के साथ साथ डिपार्टमेंट आफॅ सिविल डायनामिक लैब ,एनवायरनमेंट लैब,जिओ टेक्नोलॉजी का भ्रमण भी करवाया जिला विधायलय निरीक्षक सोनभद्र राजकीय माडल इंटर कॉलेज रामगढ सोनभद्र, शैलेन्द्र चतुर्वेदी के निर्देशन मे भ्रमण कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ भ्रमण कार्यक्रम मे निम्न विधायलयो के नोडल शिक्षक भी मौजूद रहे जो इस प्रकार है -सुश्री प्रतिमा पाल राजकीय इंटर कालेज,10 विधायर्थीयो के साथ -प्रदीप कुमार एव सदीप कुमार राजा कॉलेज 10 -अविनाश गुप्ता सेट जोसप स्कूल 10 -राकेश द्विवेदी सेट जेवियर्स स्कूल 10 -अशोक कुमार मॉ वैष्णो विधा मान्दिर रावट्र्सगंज 10 आशुतोष कुमार सिंह डी वी सीनीयर सेकंडरी 10 आलोक मिश्रा हरसेवा नन्द चुर्क श्याम बिहारी जनता इंटर कॉलेज परासी पान्डेय।

# लैम्पस डायरेक्टर के पद पर चुनाव सम्पन्न हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दुद्धी/सोनभद्र।** शनिवार को लैम्पस डायरेक्टर के पद पर चुनाव सम्पन्न हुआ।दुद्धी लैम्पस पर टेढ़ा, मल्देवा तथा धनौरा के हुए बताया कि धनौरा से आशीष कुमार को 119 व जय प्रकाश 98 संदीप 104 तथा प्रमोद 89 मत मिले।इस तरह आशीष कुमार व सन्दीप कुमार ने जीत



डायरेक्टर पद के लिए मतदान हुआ।जिसमें धनौरा में कुल मतदाता 238 में 216 लोगों ने मतदान का प्रयोग किया।टेढ़ा में 29 में से 24 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मल्देवा में 53 में 46 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद 4 से मतगणना शुरू हुई। चुनाव अधिकारी विजय कुमार ने जीते हुए प्रत्याशियों की घोषणा करते हासिल की।मल्देवा से शैलेश कुमार चुनाव जीते।टेढ़ा/निमियाडीह में सलीम और समीउल्लाह को 12- 12 मत मिले। दोनों प्रत्याशियों को टाई द्वारा जीत की घोषणा की गई, जिसमें सलीम को विजयी घोषित कर दिया गया।उसी तरह झारो केकरम डाड़ से नन्दकिशोर, डूमरडीहा से संजय तिवारी उर्फ संजू जीते।

# डीएम के सख्त तेवर देख टेढ़ा के ग्रामीणों में शौचालय के घोटालेबाजों के खिलाफ कार्रवाई की जगी आस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दुद्धी/सोनभद्र।** विकास खण्ड दुद्धी के टेढ़ा ग्राम पंचायत में हुए शौचालय घोटाले में घोटालेबाजों के खिलाफ कार्रवाई होने की आस डीएम के सख्त तेवर देख जग गयी है। उन्होंने डीएम से पूरी उम्मीद है कि उनके यहां हुए 53 शौचालयों के धन गबन करने वाले घोटालेबाजों पर अब कार्रवाई हो जाएगी। पिछले 2 वर्षो से लगातार गांव में हुए शौचालय घोटाले की फरियाद लगा रहे 62 वर्षीय अमरनाथ यादव को अब आस जग गयी है उन्होंने बताया कि इस मामले में कई बार ब्लॉक के अधिकारियों से लेकर ,डीपीआरओ , जिलाधिकारी ,मुख्यमंत्री को रजिस्टर्ड डाक से पत्र लिखा है इसके अलावा दर्जनों बार तहसील समाधान दिवस में फरियाद लगाई । कुल 60 - 65 बार शिकायत किया है लेकिन शौचालय के धन का गबन करने वाला सचिव पर कोई कार्रवाई नही हुई ,अब अखबारों के माध्यम से शौचालय प्रकरण में जिलाधिकारी सख्त तेवर में आये है तो प्रकरण में पूरी कार्रवाई की उम्मीद जग गयी है ।अमरनाथ यादव ने बताया कि गांव में 1 वर्ष पूर्व जब डीपीआरओ गांव आये थे तो उन्होंने हर पॉइंट पर ले जाकर स्थलीय निरीक्षण कर शौचालय में गबन की शिकायत की थी तो उन्होंने इस प्रकरण में एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई की बात कही थी लेकिन उसके बाद उन्होंने मामले को दबा दिया ,इसके बाद लगातर तहसील दिवस में जब शिकायत करता तो आख्या यह आता है कि अभी कोडिंग कराया जा रहा है ,गांव में शौचालय पूर्ण हो गया है ,अभी अपूर्ण है पूर्ण कराया जा रहा है ,अभी बजट नही जल्द पूर्ण कराया जाएगा ,अभी मानक के अनुरूप कार्य कराया जा रहा है यानी हर बार उल्टा पुल्टा रिपोर्ट लगा कर मामले को निस्तारित कर दिया गया ,उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में दो बार डीपीआरओ कार्यालय पर भी मिले है वहां केवल अश्वासन भर मिला लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई ,पिछली तहसील दिवस पर उन्होंने शौचालय घोटालेबाजों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मण्डलायुक्त डॉ मुत्थुकुमार स्वामी बी को भी शिकायती पत्र सौंपा था।जब घोटाले का डीपीआरओ के सामने किया उजागर ,तब बनाया था चबूतरादुद्धी। शिकायतकर्ता अमरनाथ यादव ने बताया कि सचिव इतना मनबढ़ व दबंग है कि जब वह गांव का सेक्रेटरी था तो गांव में 3 चबूतरा बनवाने के नाम पर बिना चबूतरा बनवाये साढ़े 3 लाख रुपये निकाल लिए थे।

# जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** तहसील चुनार में प्राप्त 75 प्रार्थना पत्रों में 05 का मौके पर किया गया निस्तारण मीरजापुर 18



मार्च 2023- शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील चुनार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक चुनार के द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 75 प्रार्थना पत्रों में से 05 का मौके पर निस्तारण करते हुये शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित करते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप काम करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग संबंधी शिकायतों का निस्तारण गंभीरता से समय सीमा के भीतर करें। समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, पुलिस विभाग, आवासीय पट्टों और आवास आवंटन से संबंधित रही। तहसील दिवस में मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष फरियादी भागमनी देवी पत्नी प्रभू नरायन निवासी मुकुन्दपुर थाना कंछवा जनपद मीरजापुर के द्वारा अवगत कराया गया कि प्रार्थिनी के बड़े पुत्र अजय गुप्ता का तलाक होने जाने के उपरान्त सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी के द्वारा तलाक फर्जी तरीके उसकी सम्पत्ति नाम दर्ज करा लिया गया हैं, जिस पर स्थलीय व अभिलेख परीक्षण कर सम्बन्धित को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। फरियादी विजय कुमार गुप्ता पुत्र दामोदार प्रसाद निवासी दरगाह शरीफ स्टेशन रोड तहसील चुनार जनपद मीरजापुर के द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि पानी का कनेक्शन काट की गयी जिस पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को नियमानुसार कनेक्शन कराने हेतु निर्देशित किया। तहसील दिवस में तहसीलदार चुनार नुपुर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अनय मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद कुमार, वन रेंज एसपी ओझा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राजपति बैस, खण्ड विकास अधिकारी नरायनपुर शिवनारायण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# चोटिल श्रेयस अय्यर को रिप्लेस कर सकते हैं ये तीन खिलाड़ी, सूर्यकुमार यादव हुए फ्लॉप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले करारा झटका लगा था।



मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोट के चलते सीरीज से बाहर हो गए थे। उनकी चोट कितनी गंभीर है, इसकी पूरी रिपोर्ट अभी नहीं आई है। भारत वनडे विश्व कप के लिए श्रेयस अय्यर के विकल्प के रूप में खिलाड़ियों की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि, बीसीसीआई ने श्रेयस के रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है। फिर ऐसे तीन बल्लेबाज हैं जो उनकी जगह ले सकते हैं। नंबर चार पर श्रेयस अय्यर की जगह संजू सैमसन ले सकते हैं। संजू चौथे नंबर पर बैटिंग करने के साथ-साथ विकेट के पीछे की जिम्मेदारी भी संभाल सकते हैं। सैमसन ने अभी तक 11 वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच में 330 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 104.76 रहा है। वह मध्य क्रम में भारत को मजबूत प्रदान कर सकते हैं। दूसरे नंबर पर दीपक हुड्डा का नाम आता है। ऑलराउंडर दीपक हुडा मिडिल ओवर्स में पावर हिटिंग के लिए जाने जाते हैं। वह मध्य क्रम में किसी भी जगह बैटिंग कर सकते हैं। श्रेयस की जगह यदि दीपक हुडा को टीम इंडिया में शामिल किया जाता है तो वह बैटिंग के साथ-साथ गेंदबाजी का भी विकल्प हो सकते हैं। हालांकि, टीम के पास पांड्या पहले से ही मौजूद हैं। तीसरे नंबर हैं राहुल त्रिपाठी। त्रिपाठी को पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया था, लेकिन प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज से ड्रॉप कर दिया गया। इसके बावजूद वह श्रेयस अय्यर की जगह टीम में शामिल किए जा सकते हैं। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी सीरीज में सूर्यकुमार को चार नंबर पर मौका दिया गया। वह दो मैचों में नाकाम साबित हुए हैं, लेकिन उनकी पावर हिटिंग को कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता। देखने वाली बात होगी की उन्हें आगे मौका मिलता है या नहीं।

# आईपीएल 2023: सीएसके ने चोटिल जैमिसन के बदले इस धाकड़ खिलाड़ी को किया टीम में शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स ने चोटिल काइल जैमीसन की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज सिसंडा मगाला को टीम में शामिल किया है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैमीसन को दिसंबर की मिनी-






नीलामी में 1 करोड़ रुपये में साइन किया गया था, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ पिछले महीने की टेस्ट सीरीज से कुछ समय पहले पीठ के निचले हिस्से में पुरानी चोट उभर आई थी। उनके आगामी आईपीएल सहित क्रिकेट के कई महीनों तक नहीं खेलने की उम्मीद है ऐसे में 32 वर्षीय मगाला नीलामी में नहीं बिके थे और इससे पहले वह कभी भी आईपीएल में नहीं खेले थे। वह अपने बेस प्राइस 50 लाख रुपये में सुपर किंग्स में शामिल हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने अप्रैल 2021 के बाद से दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई टी20घ् नहीं खेला है, लेकिन इस साल की शुरुआत में टी20 के उद्घाटन संस्करण में मगाला ने चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए शानदार प्रदर्शन किया।मगाला को एक डेथ बॉलर के रूप में जाना जाता है। वह टी20 के दौरान पावरप्ले में एक गेंदबाज साबित हुए। वह एक उपयोगी निचले क्रम के बल्लेबाज भी कर सकते हैं। मगाला ने अपने टी20 करियर में दो अर्धशतक लगाए हैं। सुपर किंग्स आईपीएल 2023 के पहले मुकाबले में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद में खेलेगी, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या मगाला टूर्नामेंट की शुरुआत में उपलब्ध होंगे या नहीं।गौरतलब हो कि नीदरलैंड के खिलाफ अपनी आगामी वनडे सीरीज के चलते दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी आईपीएल में देर से पहुंचेंगे। जबकि टीम घोषित होनी अभी बाकी है। मगाला को इस महीने की शुरुआत में एक केंद्रीय अनुबंध किया गया था और वह वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही सीरीज में शामिल हैं। इसे देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह नीदरलैंड के खिलाफ टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

# क्या बारिश बिगाड़ेगी खेल दूसरे वनडे की पिच रिपोर्ट और मौसम का हाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच आज विशाखापट्टनम के डॉ वाय एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम पर दूसरा



वनडे खेला जाएगा। भारतीय समयानुसार यह मुकाबला दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा। टॉस आधे घंटे पहले होगा। भारतीय टीम ने वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए पहले वनडे को 5 विकेट से जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। भारतीय टीम को कप्तान रोहित शर्मा की वापसी से मजबूती मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद होगी कि डेविड वॉर्नर और एलेक्स कैरी दूसरे वनडे के लिए उपलब्ध रहे। बता दें कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक कुल 144 वनडे मैच खेले गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने इसमें से 80 जबकि भारत ने केवल 54 मैच जीते हैं। 10 मैचों का परिणाम नहीं निकला है। वैसे, भारत में दोनों बीच की टक्कर बराबर की हो गई है। दोनों टीमों के बीच भारत में कुल 65 वनडे खेले हैं। मेहमान टीम ने भारत में 30 वनडे जीते जबकि टीम इंडिया 30 मुकाबले जीतने में सफल रही है। चलिए अब दूसरे वनडे की पिच रिपोर्ट और मौसम के हाल पर नजर डालते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला डॉ वाय एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जाएगा। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। विशाखापट्टनम ने अब तक भारत के 9 मैचों की मेजबानी की है, जिसमें टीम इंडिया ने सात मैच जीते, एक गंवाया और एक मैच टाई रहा। इस मैदान पर हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिल सकता है। यहां जब दिसंबर 2019 में आखिरी वनडे खेला गया था, तब भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 387/5 का स्कोर बनाया था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे वनडे में बारिश विलेन बन सकती है। विशाखापट्टनम में दिन के समय में बारिश की संभावना बनी हुई है। दिन में बादल घिरे हुए रहेंगे और मौसम भी ठंडा रहने की उम्मीद है।

# आईपीएल २०२३: 'हीरो से जीरो' बने ये ५ खिलाड़ी, आईपीएल में चमकने के बाद आज जी रहे हैं गुमनामी की जिंदगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल एक ऐसी लीग है , जिसे पूरी दुनियाभर में सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। हर साल कई खिलाड़ी अपना टैलेंट






दिखाने और सपना पूरा करने के लिए इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनते है, तो कई ऐसे खिलाड़ी भी देखे जाते है जो मैच में शानदार प्रदर्शन कर अपना नाम कमाते है। लेकिन कुछ ऐसे खिलाड़ी भी इतिहास में देखने को मिले है, जिन्होंने आईपीएल में अपने परफॉर्मेंस से खूब नाम कमाया, लेकिन वह अचानक गायब हो गए। रातों-रात किस्मत चमकने के बावजूद ऐसे खिलाड़ी मौजूदी है, जो आज गुमनाम जिंदगी गुजार रहे हैं। ऐसे में जानते हैं कुछ खिलाड़ियों के बारे में। लिस्ट में पहले नंबर पर है पॉल वल्थाटी का नाम, जिन्होंने आईपीएल 2011 में अपने कमाल के परफॉर्मेंस के चलते सुर्खियां बटोरी थी। उस सीजन में उन्होंनेकुल 14 मैच खेले थे और 136.98 की स्ट्राइक रेट से उन्होंने 463 रन बनाए, लेकिन उसके अगले सीजन में उनका प्रदर्शन खराब रहा। कुल 6 मैच खेलते हुए वह सिर्फ 30 रन बना पाए। ऐसे में आईपीएल 2013 की मेगा नीलामी में इस खिलाड़ी को खरीदने में किसी भी फ्रेंचाइजी ने रुचि नहीं दिखाई और उसके बाद से वह हर नीलामी अनसोल्ड रहे और आज लोग उन्हें जानते तक नहीं हैं। लिस्ट में दूसरे नंबर पर है राहुल शर्मा का नाम, जो आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल चुके हैं। दिल्ली टीम की तरफ से कमाल का प्रदर्शन कर उन्होंने भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई थी, लेकिन उनके परफॉर्मेंस में लगातार गिरवाट आती चली गई और अचानक से वह गुमनामी की गलियों में खो गए। बता दें कि राहुल ने कुल आईपीएल में 44 मैच खेलते हुए 40 विकेट चटकाए लिस्ट में तीसरे नंबर पर कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेल चुके मनविंदर बिस्ला का नाम, जिन्होंने आईपीएल 2012 में केकेआर टीम को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ फाइनल मैच में जीत दिलाने में अहम योगदान दिया था। इस मैच में उन्होंने 48 गेंदों में 8 चौके और 5 छक्कों की मदद से 89 रन बनाए थे और केकेआर टीम पहली बार आईपीएल में चैंपियन बनी थी, लेकिन बिस्ला उसके बाद अपनी फॉर्म बरकरार नहीं रख पाए और आज वह गुमनाम जिंदगी गुजार रहे हैं। लिस्ट में चौथे नंबर पर है पिछले सीजन लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में शामिल किए जाने वाले मनन वोहरा का नाम, जिनका नाम लोग पहचान नहीं पाए। उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला। लेकिन एक वक्त ऐसा था जब मनन की गिनती आईपीएल के बेहतरीन युवा सलामी बल्लेबाजों में की जाती थी, लेकिन वह लगातार अपना अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और इसके चलते ही फ्रेंचाइजी उन्हें बैकअप पर जोड़ती है। लिस्ट में आखिरी और पांचवें नंबर पर है दाएं हाथ के बल्लेबाज स्वप्निल असनोदकर का नाम, जिन्होंने आईपीएल के शुरुआती सीजन साल 2008 में राजस्थान टीम की तरफ से डेब्यू किा था। डेब्यू सीजन में उन्होंने बल्ले से तहलका मचाते हुए 9 मैचों में 133.48 की स्ट्राइक रेट से कुल 311 रन बनाए थे, लेकिन इससे बाद अगले सीजन आईपीएल 2009 में राजस्थान टीम की तरफ से वह 8 मैचों में कुल 98 रन ही बना पाए। साल 2010 में वह 2 मैचों में 5 रन और साल 2011 में उन्होंने एक मैच में 9 रन बनाए। ऐसे में उनके परफॉर्मेंस ग्राम में गिरवट देखते हुए किसी फ्रेंचाइजी ने उन्हें खरीदनें में रुचि नहीं दिखाई और आज वह गुमनामी जिंदगी जी रहे हैं।

# सूर्यकुमार यादव का वनडे में फ्लॉप शो जारी, लगातार दूसरी बार हुए 0 पर आउट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी-20 क्रिकेट में अपने बल्ले से धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का वनडे में फ्लॉप शो नजर आ रहा



है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज के शुरुआती दोनों मुकाबले में सूर्या गोल्डन डक का शिकार बने।दूसरे वनडे मैच में सूर्या को मिचेल स्टार्क ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। ऐसे में लगातार दो मैचों में 0 पर आउट होने के बाद फैंस सोशल मीडिया पर सूर्या को लेकर कई अलग-अलग प्रतिक्रिया कर रहे हैं। दरअसल, आईसीसी टी-20 रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव नंबर 1 बल्लेबाज बने हुए है। टी-20 में शानदार प्रदर्शन के बाद सूर्या को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलने का भी मौका मिला, लेकिन वह कुछ खास नहीं कर पाए। इसके बाद वनडे में भी सूर्या का बल्ला टी-20 की तरह नहीं चल रहा है। एबी डिविलियर्स के नाम से जाने और पहचाने वाले सूर्या वनडे में फ्लॉप नजर आ रहे हैं। अगर बात करें सूर्यकुमार की पिछली 10 वनडे पारियों की तो कुल 7 बार सूर्या दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके हैं। ऐसा वनडे में दूसरी बार हुआ है कि सूर्यकुमार बिना खाता खोले ही आउट हुए। जबकि टी-20 में सूर्या तीन बार शून्य पर पवेलियन लौट चुके हैं। सूर्या ने पिछली 11 वनडे पारियों में 13.66 के बेहद खराब औसत से सिर्फ 123 रन बनाए हैं। बता दें कि एक वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 बार शून्य पर आउट होने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले पूर्व भारतीय राहुल द्रविड़ (2007), सौरव गांगुली (2007), हरभजन सिंह (2009) और युवराज सिंह (2013) में 2 बार शून्य पर आउट हुए।

# आईपीएल 2023 से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने लॉन्च की अपनी नई जर्सी, अब इस नए और खास अंदाज में नजर आएंगी वॉर्नर की सेना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 का आगाज 31 मार्च से होने वाला है, जिसको लेकर सभी फ्रेंचाइजियों ने जोरों-शोरों से तैयारियां शुरू कर दी है। इस बीच डेविड वार्नर



के नेतृत्व वाली दिल्ली कैपिटल्स ने भी आईपीएल 2023 के लिए अपनी नई जर्सी लांच की है। सोशल मीडिया पर अपने ऑफिशियल अकाउंट के जरिए दिल्ली कैपिटल्स ने पोस्ट शेयर कर अपनी नई जर्सी का अनावरण किया। दरअसल, आईपीएल 2023 से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने अपनी नई जर्सी का अनावरण किया। कुछ समय पहले ही दिल्ली कैपिटल्स ने एक आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा था कि ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में, डेविड वार्नर आईपीएल के 2023 सीज़न में फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करेंगे। वार्नर के साथ अक्षर पटेल को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। दिल्ली कैपिटल्स ने इस बीच एक पोस्ट शेयर कर नई जर्सी की चार तस्वीरें शेयर की है। इस तस्वीर में 4 छोटे-छोट बच्चे ये नई जर्सी पहने हुए नजर आ रहे हैं। बच्चों के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों ने भी नई जर्सी पहने हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने कैप्शन में लिखा, 'क्यों दिल्ली, कैसा लगा सरप्राइज डीसी ने आगे लिखा है कि शहर में, शहर के लिए और शहर के साथ लॉन्च किया गया। सवेरा एसोसिएशन के बच्चे हमारे खिलाड़ियों के साथ आज सुबह के रनफॉरगुड कार्यक्रम में सीजन के नई जर्सी को धारण करने वाले पहले लोगों में से थे। डेविड वॉर्नर (कप्तान), अक्षर पटेल (उप-कप्तान), पृथ्वी शॉ, एनरिच नार्जे, मिचेल मार्श, सरफराज खान, कमलेश नागरकोटी, मुस्तफिजुर रहमान, कुलदीप यादव, खलील अहमद, चेतन सकारिया, ललित यादव, रिपल पटेल, यश ढुल, रोवमैन पॉवेल, प्रवीण दुबे , लुंगी एनगिडी, विक्की ओस्तवाल, अमन खान, फिल साल्ट, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, मनीष पांडे, रिले रोसौव।



# राशिफल



**मेष-:**आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

वृष-:आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-:**आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

**कर्क-:**आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

**सिंह-:**आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

**कन्या-:**आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला-:**आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

**वृश्चिक-:**आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु-:**आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

मकर-: आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:**आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

**मीन-:**आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।






# भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए झेली सबसे बड़ी हार, दूसरे वनडे में बने रिकॉर्ड्स पर नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विशाखापट्टनम में रविवार को खेले गए दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराया। यह भारत की घरेलू वनडे मैच में सबसे बड़ी हार




है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 117 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने बिना विकेट खोए 121 रन बनाए। इस मैच में कई ऐसे आंकड़े दर्ज हुए जो भारत के खराब प्रदर्शन को जहिर करते हैं।भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 117 रन बनाए, जो कि घरेलू वनडे मैचों में भारत का चौथा न्यूनतम स्कोर है। रिकॉर्ड 78 रन है, जब भारतीय टीम 1986 में श्रीलंका के खिलाफ कानपुर में ऑलआउट हुई थी।ऑस्ट्रेलिया ने 234 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य का पीछा कर लिया। यह गेंदों के हिसाब से भारत के खिलाफ सबसे बड़ी जीत है। पहले यह रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था, जब उन्होंने 2019 के हैमिल्टन वनडे में 212 गेंद शेष रहते हुए जीत हासिल की थी। यह ऑस्ट्रेलिया के लिए भी गेंदों के हिसाब से तीसरी सबसे बड़ी जीत ह गौरतलब हो कि यह भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा न्यूनतम स्कोर है। सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड 1981 के सिडनी वनडे के नाम है, जब भारतीय टीम सिर्फ 63 रन पर ऑलआउट हो गई थी। यह घरेलू मैदान पर भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे कम स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड 148 रन था, जो कि 2007 के वड़ोदरा वनडे में बना था भारत को ऑलआउट होने में सिर्फ 26 ओवर लगे, जो कि किसी भी पारी में भारत की पांचवीं सबसे छोटी पारी है। यह घर पर भारत की दूसरी सबसे छोटी ऑलआउट पारी है। रिकॉर्ड 24.1 ओवर का है, जब भारतीय टीम 1986 में श्रीलंका के खिलाफ कानपुर वनडे में ऑलआउट हो गई थी। मिचेल स्टार्क ने इस वनडे मैच में 5 विकेट लिए। यह स्टार्क का वनडे क्रिकेट में 9वां पंजा था, जो ब्रेट ली के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक है। यह वनडे क्रिकेट में संयुक्त रूप से तीसरा सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उनसे आगे सिर्फ वकार यूनिस (13), मुरलीधरन (10) और शाहिद अफरीदी (9) हैं। इस मैच में सिर्फ 222 गेंदें फेंकी गईं, जो भारत की मेजबानी में दूसरा सबसे छोटा वनडे मैच है। 2011 के विश्व कप में न्यूजीलैंड और केन्या के बीच खेला गया, चेन्नई वनडे सिर्फ 191 गेंदों में ही समाप्त हो गया था। भारत के सभी 10 विकेट ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने लिए और घर पर भारत के खिलाफ ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ है। इससे पहले 2009 के गुवाहाटी वनडे में भी ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने भारत के सभी 10 विकेट लिए थे स्टार्क ने पहले 10 ओवरों में भारत के चार बल्लेबाजों का शिकार किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले 15 साल में यह दूसरी बार हो रहा है और दोनों बार यह कारनामा स्टार्क ने ही किया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2013 के पर्थ वनडे में भी स्टार्क ने पहले दस ओवर में 4 विकेट लिए थे। इसके अलावा इस पारी के दौरान भारत के चार बल्लेबाज डक (शून्य) पर आउट हुए। इससे पहले पांच बार भारत के साथ ऐसा हो चुका है।

# सम्पादकीय

## अदाणी मामले में अवसर देखती कांग्रेस, लेकिन विपक्ष के पास वित्तीय गड़बड़ी का कोई साक्ष्य मौजूद नहीं

राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता एक अर्से से अदाणी मामले को लेकर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। इस कोशिश में कई अन्य विपक्षी दल भी शामिल हो गए हैं। वे इस मामले को घोटाले की शक्ल देकर संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग कर रहे हैं। यह कुछ वैसी ही मुहिम है, जैसी एक वक्त बोफोर्स मामले को लेकर उस समय के विपक्ष ने चलाई थी, लेकिन राजीव गांधी के खिलाफ 'बोफोर्स अभियान' इसलिए सफल रहा था, क्योंकि उस सौदे के लिए दी गई दलाली की रकम बैंक खाते में पाई गई थी। अदाणी मामले में राहुल गांधी का अभियान इसलिए सफल नहीं हो पा रहा, क्योंकि उनके पास रिश्वत या वित्तीय गड़बड़ी का कोई साक्ष्य नहीं है। राहुल गांधी ने लोकसभा में गौतम अदाणी को लेकर प्रधानमंत्री पर सीधे आरोप लगाए। आखिर वह इन आरोपों से संबंधित दस्तावेजों की अभिप्रमाणित प्रति संसद में पेश क्यों नहीं करते? ध्यान रहे वीपी सिंह ने बोफोर्स मामले में अपने आरोपों से संबंधित दस्तावेज 15 नवंबर, 1988 को लोकसभा में पेश किए थे। उसमें वह बैंक खाता नंबर भी था जिसमें बोफोर्स कंपनी ने दलाली की राशि का भुगतान किया था। वह खाता इतालवी दलाल ओत्तावियो क्वात्रोच्चि का था। स्विस बैंक की लंदन शाखा के उस खाते का नंबर 99921 टीयू था। बोफोर्स मामले से संबंधित जो आरोपपत्र 1999 में अदालत में दाखिल किया गया, उसमें भी इसी बैंक खाते का जिक्र था। जब भी किसी घोटाले की चर्चा होती है तो लोग सवाल उठाते हैं कि बोफोर्स मामले का क्या हुआ? फिर खुद ही जवाब देते हैं कि कुछ नहीं हुआ। यह झूठ वर्षों से जारी है। कांग्रेस में कुछ सलाहकार शीर्ष नेतृत्व को अब यही सलाह दे रहे हैं कि जिस तरह वीपी सिंह ने बोफोर्स का मामला उठाकर राजीव गांधी को सत्ता से बाहर किया था, उसी तरह राहुल गांधी भी अगले आम चुनाव में मोदी को मात देने के लिए अदाणी के मुद्दे को उछालें। राहुल गांधी ने ऐसी ही कोशिश पिछले आम चुनाव में राफेल मुद्दा उठाकर की थी और उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। राफेल मामले में भी राहुल कोई सुबूत नहीं दे सके थे। शीर्ष अदालत के फैसले से भी उनके आरोपों की हवा निकल गई। ऐसे में लगता है कि राहुल गांधी और कांग्रेस के कर्ताधर्ता पिछली भूल से कोई सबक सीखने को तैयार नहीं। अदाणी मामले में इस समय जेपीसी से जांच का दबाव बनाया जा रहा है तो ऐसी मांग करने वाले जान लें कि बी. शंकरानंद की अध्यक्षता में बोफोर्स घोटाले की जांच के लिए भी जेपीसी बनी थी और उसने उस कागज पर विचार ही नहीं किया, जिसे वीपी सिंह ने संसद में पेश किया था। तब जेपीसी को बोफोर्स खरीद में कोई गड़बड़ी कैसे मिलती? जेपीसी में सत्ताधारी दल का ही बहुमत होता है। बोफोर्स मामले में सीबीआइ ने 1999 में 25 पन्नों का जो आरोपपत्र दाखिल किया, उसमें राजीव गांधी का नाम अभियुक्त के रूप में 20 बार शामिल किया गया था। चूंकि तब तक उनका निधन हो चुका था, इसलिए उनका नाम आरोपपत्र के दूसरे कालम में लिखा गया था। जिस समय बोफोर्स घोटाला सामने आया, तब घोषित सरकारी नीति यही थी कि किसी रक्षा सौदे में दलाली नहीं दी जाती, लेकिन बोफोर्स खरीद में इस नियम का उल्लंघन किया गया। राजीव गांधी क्वात्रोच्चि का लगातार बचाव करते रहे। इस मुद्दे पर पीएम के बदलते बयानों से जनता का संदेह गहराता गया। परिणामस्वरूप 1989 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को पराजय का मुंह देखना पड़ा। चूंकि सीबीआइ के आरोपपत्र में दलाली की रकम के हस्तांतरण से जुड़े साक्ष्य थे तो वह मामला मजबूत होता गया। फिर कांग्रेसी सरकारों के दौरान जानबूझकर इस मामले को कमजोर किया गया। अदालत में उचित तरह से मामले को पेश नहीं किया गया। दिल्ली हाई कोर्ट ने फरवरी 2004 में बोफोर्स मामला खारिज कर दिया। यह ध्यान रहे कि मनमोहन सिंह की सरकार में ही आयकर न्यायाधिकरण ने कहा था कि 'क्वात्रोच्चि और विन चड्ढा को बोफोर्स दलाली के 41 करोड़ रुपये मिले थे। ऐसे में उन पर टैक्स देनदारी बनती है।' सीबीआइ को पहले ही सुबूत मिल गए थे कि क्वात्रोच्चि ने दलाली के पैसे स्विस बैंक की लंदन शाखा में जमा करवाए थे। विपक्षी दलों द्वारा केंद्र सरकार से क्वात्रोच्चि का पासपोर्ट जब्त करने की लिखित मांग के बावजूद कांग्रेस सरकार ने उसे भारत से भाग जाने दिया। इतना ही नहीं, लंदन स्थित स्विस बैंक के जब्त खाते को खुलवा कर क्वात्रोच्चि को पैसे निकाल लेने की सुविधा प्रदान की गई। जब्त खाता खुलवाने के लिए मनमोहन सरकार ने एक अधिकारी लंदन भेजा था। खाता खुलने के बाद क्वात्रोच्चि उससे पैसे निकालकर फरार हो गया। वैसे बोफोर्स मामले में एक गैर सरकारी अपील अब भी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

## बेमतलब की जिद पालने की आदत, उसूल पकड़कर चलने वाले लोग खा रहे हैं धक्के

कुछ लोग होते ही ऐसे हैं। जब-तब बेमतलब की जिद पाल लेते हैं। जिस तरह किसी जानवर को पालने पर उससे प्यार हो जाता है, उसी तरह जिद पाल लेने पर उस जिद से भी प्यार हो जाता है। यह प्यार बड़ा ही गहरा होता है। इसकी तुलना आज की नई पीढ़ी के उस प्यार से नहीं की जा सकता है कि आज एक से हुआ, कल उससे ब्रेकअप हो गया, परसों दूसरी की तलाश में निकल लिए और वह मिल जाया करती है। ऐसा इंसान चाहने लग पड़ता है कि वह जैसा सोच रहा है, सबको वैसा ही सोचना चाहिए और सब कुछ उसके इस सोच के अनुरूप ही चलना चाहिए। जहां पर कुछ औलादें अपने बाप की नहीं सुनती हैं, भाई, भाई को नहीं गांठता है, जहां पर नेता जनता की आवाज नहीं सुनते हैं और गठबंधन के साथी एक-दूसरे को संदेह भरी निगाहों से निहारते हैं। जहां पर कुछ मातहत अपने बास



भी जाए तो दृष्टि में सदैव तीसरी रहा करती है। आज के दौर का यह जिद्दी प्यार नेताओं की राजनीतिक निष्ठा जैसा भी नहीं है कि कब पाला बदल ले। अब ऐसे लोगों से मुलाकात होने पर पूछना पड़ जाता है कि आदरणीय, आप वर्तमान में किस दल में हैं अब राजनीति के लोग भी पहले पार्टी की वर्तमान हैसियत देखते हैं और फिर उसमें अपने समृद्ध भविष्य की संभावनाएं तलाशते हैं, लेकिन यह जिद वाला प्यार स्थाई होता है। इस जिद्दी प्यार में एक अकड़ आ को पट्टी पढ़ा देते हैं, स्टूडेंट टीचर को न्यून समझते हैं, और तो और, कुछ पति अपनी पत्नी की तथा कुछ पत्नियां अपने पति की बात नहीं सुनती हैं, ऐसे समय में बेवजह की जिद ठानने को निहायत मूर्खता ही कहा जाएगा।अब जमाना ऐसा आ चुका है कि अपना उसूल पकड़कर चलने वाले लोग धकियाएं जा रहे हैं। ऐसे माहौल में अकड़ अच्छी बात नहीं है। आदमी में लचीलापन होना चाहिए। विनम्रता उसका नैसर्गिक गुण है।

## वैश्विक डिजिटल क्रांति का अग्रदूत बना भारत, हमारी देसी तकनीकी विकल्पों की ओर आकर्षित हो रहे तमाम देश

बुनियादी ढांचे को पारंपरिक रूप से सड़कों, पुलों और इमारतों आदि जैसी भौतिक अवसंरचनाओं के साथ जोड़कर देखा जाता है। हजारों वर्षों से बुनियादी ढांचे का यह विचार मानव समाज के मूल में रहा है। इस दौरान सभ्यताओं ने अपने विकास के लिए नहरों और सड़कों से लेकर तमाम अन्य लोक निर्माण किए। हालांकि, हाल के वर्षों में बुनियादी ढांचे की संकल्पना भौतिक अवसंरचनाओं से कहीं आगे बढ़कर डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल पब्लिक गुड्स तक चली गई है। डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर यानी डीपीआइ से आशय उन तकनीकी नवाचारों से है, जिनके माध्यम से समाज के एक बड़े वर्ग तक प्रमुख निजी एवं सार्वजनिक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। इसमें डिजिटल सत्यापन एवं पहचान, नागरिक पंजीयन, सुरक्षित डिजिटल लेनदेन और मुद्रा हस्तांतरण से लेकर निर्बाध डाटा विनिमय और सक्षम सूचना तंत्र भी शामिल हैं। भारत में 2009 से आधार के सूत्रपात के साथ ही इसकी जड़ें गहरी होती गईं। आधार पर आधारित डिजिलाकर और यूपीआइ जैसी सेवाएं अस्तित्व में आईं। डीपीआइ न केवल नागरिकों तक सेवाएं पहुंचाने में सरकारों को सक्षम बनाता है, बल्कि इससे पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ती है। जलवायु परिवर्तन और प्रभावी पब्लिक फाइनेंस जैसे अहम वैश्विक मुद्दों से निपटने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी डीपीआइ की अहम भूमिका को समझता है। डीपीआइ के इस महत्व को रेखांकित करने में भारत विशेष भूमिका निभा रहा है। भारत ने डीपीआइ की मदद से ही अपनी 80 प्रतिशत आबादी के वित्तीय समावेशन में सफलता प्राप्त की है। अन्यथा इसमें करीब 46 साल लग जाते। वास्तव में आधार और इंडिया स्टैक की जुगलबंदी भारत के लिए व्यापक रूप से लाभदायक सिद्ध हुई है। इसने वित्तीय लेनदेन के स्वरूप से लेकर पीएफ निकासी के साथ-साथ पासपोर्ट एवं ड्राइविंग लाइसेंस और भूमि रिकार्ड सत्यापन जैसी कई सरकारी सेवाओं को सहज बना दिया है। अपनी इन्हीं क्षमताओं के चलते भारत विश्व में आकार ले रही इस डिजिटल क्रांति के अग्रदूत की भूमिका में दिख रहा है। आधार से तो अधिकांश लोग परिचित हैं। जहां तक इंडिया स्टैक की बात है तो यह एक स्वदेशी डिजिटल असेट्स का नवाचारी संग्रह है। ई-गवर्नेंस और लोक सेवाओं में इसकी उपयोगिता सिद्ध हुई है। इस पर और नाइजीरिया जैसे कई अन्य देशों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। इसके पीछे भारतीय माडल की उन्हीं संभावनाओं का असर है, जिनमें कल्याणकारी योजनाओं के मोर्चे पर क्रांतिकारी परिणाम प्रदान करने की क्षमताएं हैं। अब अनिवासी भारतीय यानी एनआरआइ भी यूपीआइ के जरिये वित्तीय लेनदेन कर सकते हैं। इसके लिए उनका फोन नंबर उनके स्थानीय बैंक के साथ पंजीकृत होना चाहिए। यह और डिजिलाकर सहित तमाम अन्य आकर्षक एप्लिकेशन उपलब्ध हैं। इन्होंने हमारे जीवन, कामकाज और एक दूसरे से संवाद को सुगम बनाया है। इंडिया स्टैक को वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता मिल रही है। श्रीलंका, मोरक्को, फिलीपींस, गिनी, इथियोपिया और टोगो ने इंडिया स्टैक को सफलतापूर्वक लागू किया है। ट्युनीशिया, समोआ, युगांडा और नाइजीरिया जैसे कई अन्य देशों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। ओमान, कतर, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन में शुरू भी हो गई है डिजिटल पब्लिक गुड्स का मुद्दा आखिर इतना महत्वपूर्ण क्यों है? असल में, इसने देश में सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रमों का जबरदस्त कायाकल्प किया है। डिजिलाकर जैसी सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच से कतार में लगे बिना ही स्कूल और कालेज के अंकपत्र तुरंत प्राप्त किए जा सकते



यूपीआइ, को-विन, आरोग्य सेतु और डिजिलाकर सहित तमाम अन्य आकर्षक एप्लिकेशन उपलब्ध हैं। इन्होंने हमारे जीवन, कामकाज और एक दूसरे से संवाद को सुगम बनाया है। इंडिया स्टैक को वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता मिल रही है। श्रीलंका, मोरक्को, फिलीपींस, गिनी, इथियोपिया और टोगो ने इंडिया स्टैक को सफलतापूर्वक लागू किया है। ट्युनीशिया, समोआ, युगांडा सेवा सिंगापुर, आस्ट्रेलिया, कनाडा, ओमान, कतर, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन में शुरू भी हो गई है। आधार से तो अधिकांश लोग परिचित हैं। जहां तक इंडिया स्टैक की बात है तो यह एक स्वदेशी डिजिटल असेट्स का नवाचारी संग्रह है। ई-गवर्नेंस और लोक सेवाओं में इसकी उपयोगिता सिद्ध हुई है। इस पर यूपीआइ, को-विन, आरोग्य सेतु इसके पीछे भारतीय माडल की उन्हीं संभावनाओं का असर है, जिनमें कल्याणकारी योजनाओं के मोर्चे पर क्रांतिकारी परिणाम प्रदान करने की क्षमताएं हैं। अब अनिवासी भारतीय यानी एनआरआइ भी यूपीआइ के जरिये वित्तीय लेनदेन कर सकते हैं। इसके लिए उनका फोन नंबर उनके स्थानीय बैंक के साथ पंजीकृत होना चाहिए। यह सेवा सिंगापुर, आस्ट्रेलिया, कनाडा, हैं। इससे शासन-प्रशासन की सक्षमता बढ़ने के साथ ही सरकारी प्रक्रियाएं सुसंगत हुई हैं। प्रशासनिक लागत भी घटी है। जनधन-आधार-मोबाइल यानी जैम की त्रिशक्ति ने सुपात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत प्रत्यक्ष नकदी अंतरण का लाभ दिया है। इसमें कई सामान्य काम आटोमेटिक हो गए हैं। कागजी कार्रवाई की जरूरत घटी है, तो सरकारी परिचालन बेहतर हुआ है। डीपीआइ की मेहरबानी से नागरिकों तक सूचनाएं सहजता से उपलब्ध हो रही हैं, जिससे शासन में पारदर्शिता बढ़ी है। सरकारी व्यय, सार्वजनिक नीतियों और विधायी कामकाज पर इसकी छाप दिखती है, जिनमें जनभागीदारी बढ़ने के साथ व्यापक जवाबदेही की राह खुली है। सुगम वित्तीय लेनदेन से जीवन की गुणवत्ता सुधरी है। यूपीआइ से सेकेंडों में वित्तीय लेनदेन संभव हुआ है। नकदी जमा करने या निकालने के लिए बैंक में जाकर कागजी कामकाज और लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं रह गई है। वित्त वर्ष 2022 में ही 8,840 करोड़ वित्तीय डिजिटल लेनदेन में यूपीआइ की 52 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जिसमें कुल 126 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए। अथाह डाटा के प्रभावी विश्लेषण से डीपीआइ डाटा प्रबंधन में भी बहुत सहायक सिद्ध हुआ है। इससे बेहतर निर्णय प्रक्रिया सुनिश्चित होने के साथ ही साक्ष्य आधारित नीति-निर्माण संभव हुआ है, जिसने सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रभात्पोदकता में वृद्धि की है डीपीआइ में सामाजिक कल्याण की दशा-दिशा सुधारने के साथ ही आर्थिक वृद्धि को गति देने की भी भरपूर क्षमताएं हैं। वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार के अनुसार डीपीआइ क्रियान्वयन जीडीपी वृद्धि को एक प्रतिशत तक बढ़ा सकता है। स्पष्ट है कि डीपीआइ किसी राष्ट्र की आर्थिक स्थिति सशक्त बनाने के साथ ही उसके समग्र आर्थिक विकास को गति देने में सक्षम है। डीपीआइ और इंडिया स्टैक ने भारत में व्यक्तियों, बाजारों और सरकारों के कामकाज के तौर-तरीकों को नए तेवर दिए हैं। यही कारण है कि विश्व भर में उसकी स्वीकार्यता में निरंतर विस्तार हो रहा है। इससे एक सुखद भविष्य के संकेत दिखते हैं। ऐसा परिदृश्य जो कहीं अधिक सक्षम, पारदर्शी और समतापूर्ण समाज से परिपूर्ण होगा।

## पक्ष-विपक्ष की तकरार में फंसी संसद, अपनी-अपनी मांगों पर अड़े रहे तो सदन में कार्यवाही होगी कठिन

संसद के बजट सत्र के पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी हंगामा होना तय दिख रहा था। ऐसा ही हुआ। इस बार विचित्र यह है कि विपक्ष के साथ सत्?तापक्ष भी हंगामा कर रहा है। राहुल गांधी ने पिछले कर रहे हैं। इससे यही ध्वनित हुआ कि वह यह चाहते हैं कि अमेरिका और यूरोप को भारत में हस्तक्षेप करना चाहिए। यह सांसद के तौर पर राहुल की ओर से ली गई उस शपथ का उल्लंघन है, जिसके तहत लेकर भी आ गई है। यह स्पष्ट है कि विपक्ष अदाणी मामले की जांच जेपीसी से कराने की मांग पर जैसे-जैसे जोर दे रहा है, वैसे-वैसे सत्तापक्ष राहुल की माफी की मांग तेज करता जा रहा है। यदि दोनों खासकर कांग्रेस अदाणी मामले की जांच पर इसीलिए जोर दे रहा है, ताकि इस मुद्दे को अगले आम चुनाव तक जिंदा रखा जा सके- ठीक उसी तरह जैसे पिछले आम चुनाव के समय राफेल सौदे को तूल देकर पहले मनीष सिसोदिया के मामले में जो चिट्ठी लिखी गई थी, उसमें केवल आठ दलों के नेताओं ने ही हस्ताक्षर किए थे। विपक्ष कुछ भी कहे, जो नेता घपले-घोटालों के आरोपों से घिरे हुए हैं, उन्हें पाक- है। अदाणी मामले की जांच जेपीसी से कराने की विपक्ष की मांग और राहुल गांधी की माफी की सत्तापक्ष की मांग का नतीजा कुछ भी हो, बजट सत्र का सही तरीके से चलना मुश्किल दिख रहा है। राहुल गांधी



दिनों अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान भारतीय लोकतंत्र पर जो अवांछित टिप्?पणियां कीं, उन्हें लेकर सत्तापक्ष उनसे माफी की मांग कर रहा है। सत्तापक्ष के सदस्य राहुल गांधी पर हमलावर होकर जिस तरह सदन नहीं चलने दे रहे हैं, वह इसलिए अप्रत्याशित है, क्योंकि आम तौर पर सत्तारूढ़ दल ऐसा नहीं करता। सत्तापक्ष के रवैये से यह साफ है कि वह अदाणी मामले पर मोदी सरकार को घेरने की कांग्रेस की रणनीति के जवाब में राहुल गांधी को घेर रहा ह निःसंदेह राहुल गांधी ने लंदन में भारतीय लोकतंत्र के बारे में जो कुछ कहा, उसका समर्थन नहीं किया जा सकता। उनका यह कहना बेहद आपत्तिजनक है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो गया है और फिर भी अमेरिका एवं यूरोप कुछ नहीं देश की एकता और अखंडता अक्षुण्ण रखने का वचन लिया जाता है। राहुल का यह कहना भी परेशान करने वाला है कि मोदी सरकार अल्पसंख्यकों को दोयम दर्जे का नागरिक समझती है। उनके इन्हीं आपत्तिजनक बयानों के कारण भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। निशिकांत दुबे यह भी मांग कर रहे हैं कि राहुल गांधी के आपत्तिजनक बयानों के कारण उनकी सदस्यता निलंबित की जाए। भाजपा के अन्य नेताओं के साथ पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी राहुल गांधी पर अपने राजनीतिक हमले तेज कर दिए हैं। इसके जवाब में कांग्रेस जहां अदाणी मामले की जांच जेपीसी से कराने पर अड़ गई है, वहीं वह प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पक्ष अपनी-अपनी मांग पर अड़े रहे तो संसद का चलना कठिन ही होगा। अदाणी मामले की जांच जेपीसी से कराने पर कांग्रेस और अन्य दल चाहे जितना जोर दें, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इस मांग का औचित्य इसलिए खत्म हो गया है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने अपनी ओर से इस मामले की जांच के लिए एक छह सदस्यीय समिति गठित कर दी है। इसके अलावा सेबी भी अपने स्तर पर इस मामले की जांच कर रहा है। आखिर ऐसे में जेपीसी का गठन करने की मांग का क्या औचित्य? यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि अभी तक वित्तीय मामलों की जो भी जांच जेपीसी से हुई है, उसमें जांच के नाम पर दलगत राजनीति ही अधिक हुई है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि विपक्ष और किया गया था। आसार यही हैं कि जैसे राहुल को राफेल मसले को तूल देकर कुछ हाथ नहीं लगा था, वैसे ही अदाणी मामले को उछालने से भी उन्हें कुछ हासिल होने वाला नहीं है।अदाणी समूह को लेकर अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट उस समय आई थी, जब पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे थे। कांग्रेस ने इस रिपोर्ट को खूब उछाला, लेकिन उसे कोई चुनावी लाभ नहीं मिला। कांग्रेस और कुछ विपक्षी दल विभिन्न नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआइ की जांच को भी तूल दे रहे हैं। इसे लेकर विपक्षी दलों की ओर से ईडी दफ्तर तक जो मार्च निकालने की कोशिश की गई, उसमें तृणमूल कांग्रेस और एनसीपी ने भाग नहीं लिया। स्पष्ट है कि इस मुद्दे पर विपक्ष में एका नहीं। इसके साफ नहीं कहा जा सकता। चूंकि इन नेताओं को अदालतों से भी राहत नहीं मिली है, इसलिए विपक्षी दल जनता को यह संदेश देने में सफल नहीं हो पा रहे हैं कि केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। आखिर जनता यह कैसे भूल सकती है कि घपले-घोटालों के आरोपों से घिरे कई नेताओं अथवा उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान अकूत संपत्ति होने के दस्तावेज मिले हैं। इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि सरकारी तंत्र में भ्रष्?टाचार है और इसका कारण भ्रष्ट नेता और नौकरशाह हैं। जब तक राजनीतिक भ्रष्टाचार है, तब तक केंद्रीय जांच एजेंसियों को सक्रिय रहना चाहिए। हां, यह अवश्य नहीं कहा जा सकता कि राजनीतिक भ्रष्टाचार केवल विपक्ष शासित राज्यों में ही के तेवरों से यह साफ है कि वह इस पर जोर देना चाहते हैं कि संसद में उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है, लेकिन सभी को पता है कि बजट सत्र के पहले चरण में वह बोले थे और खूब बोले थे। उनका यह कहना राजनीतिक बयान ही अधिक है कि संसद में उनका माइक बंद कर दिया जाता है। संसद में बोलने के कुछ तौर-तरीके हैं और हर किसी को उनका पालन करना होगा, लेकिन ऐसा लगता है कि विधिवत तरीके से संसद चलने देने में किसी की रुचि नहीं। संसद सही तरह से तभी चल सकती है, जब सदन चलाने संबंधी नियम-कानूनों का पालन किया जाएगा। अब जब गृहमंत्री यह कह रहे हैं कि विपक्ष बातचीत के लिए आगे आए तो गतिरोध दूर हो सकता है, तब फिर उसे ऐसा करना ही चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### 19 मार्च को सुषमा स्वराज अवार्ड का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा 19 मार्च को सेक्टर 6 एन ई ए के सभागार में सुषमा स्वराज अवार्ड का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नेहा राना (प्रभारी नोएडा महानगर), गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ महेश शर्मा और नोएडा विधायक पंकज सिंह होंगे। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा नोएडा महानगर की अध्यक्षा श्रीमती शारदा चतुर्वेदी एवं मीडिया प्रभारी नीता वाजपेई ने दी।

### 26 मार्च को मातृशक्ति सम्मान एवं कवियत्री सम्मेलन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सांस्कृतिक चेतना को समर्पित संस्था ‍ञनई पहलङ्ग हर माह की तरह इस माह भी कविताओं से सजी एक शाम लेकर आ रही है त् इस बार नई पहल को साथ मिला है शहर की अग्रणी संस्था ‍ञनारी प्रगति सोशल फ़ाउंडेशनङ्ग का तो निश्चित ही आधी आबादी को समर्पित यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा 26 मार्च,शाम 5:30 पर महामाया बालिका इंटर कॉलेज सेक्टर -44 के प्रांगण में मातृशक्ति सम्मान एवं कवयित्री सम्मेलन में आप सपरिवार पधारें और समाज और संस्कृति के प्रति अपना अनुराग प्रकट कर हमारा मनोबल बढ़ाएँ त् आयोजन में शहर की सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान हेतु योगदान देने वाली मातृशक्तियों का सम्मान भी किया जाएगा त् इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नई पहल संस्था और नारी प्रगति सोशल फ़ाउंडेशन अपनी ओर से हर सम्भव प्रयास कर रही है और निश्चित ही आपकी उपस्थिति इस आयोजन में चार चाँद लगा देगी।

### संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी



मनीष कुमार वर्मा जनता की समस्याओं का अनुश्रवण कर रहे हैं। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की प्राप्त शिकायतों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निराकरण करने के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का जनता को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का कार्यक्रम अभी जारी है।

### सिस्को नेटवर्किंग अकादमी द्वारा संगोष्ठी का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में सिस्को नेटवर्किंग अकादमी द्वारा नेटकैड के छात्रों को नौकरी के लिए तैयार करने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सिस्को नेटवर्किंगअकादमी की उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक मिस लौरा क्विंटाना डेनविल कैलिफ़ोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत और दक्षिण एशिया में कॉर्पोरेट मामले के प्रमुख अनुराग श्रीवास्तव और इंडिया लीड फॉर स्किल्स एवं सिस्को नेट ए कैड के ईश्वरिंदर सिंह ने वक्ताओं के रूप में भाग लिया और छात्रों के साथ व्यापक रूप से बातचीत की।

# भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति ने सुनपुरा में किया पंचायत का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन ( कृषक शक्ति ) नें ग्रेटर नोएडा के सुनपुरा गांव में जितेंद्र कसाना एवं अमित फौजी के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने संगठन मकोड़ा, राष्ट्रीय सलाहकार रामभरोसे शर्मा, राष्ट्रीय वरिष्ठ महासचिव रघुराज नेताजी, राष्ट्रीय महामंत्री मनोज प्रधान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीश छोंकर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील शर्मा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी उमेश कुमार आदि



की सदस्यता ग्रहण की।पंचायत की अध्यक्षता सुनपुरा गांव निवासी राजे नेताजी ने की एवं संचालन गौतम बुध नगर के जिला अध्यक्ष हरि ओम सिंह ने किया। पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन ( कृषक शक्ति ) हमेशा किसान गरीब मजदूर की आवाज को बुलंद करती है। हमारा उद्देश्य है कि हम किसानों की पूरी ईमानदारी के साथ सेवा करें। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जीतेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष दिनेश भाटी लोगों ने भी संबोधित किया।पंचायत में युवा प्रदेश अध्यक्ष अक्षित शर्मा, गाजियाबाद जिला अध्यक्ष गजय ठाकुर, प्रदेश महासचिव प्रमोद भाटी, प्रदेश महासचिव योगेश शर्मा, प्रदेश सचिव रोहताश छोकर, प्रदेश सचिव रोहित चौधरी, जेवर नगर अध्यक्ष फिरोज, ब्लॉक अध्यक्ष मनीष, जिला प्रभारी युवा विक्रम भाटी, सचिन, नरेश भाटी, अनिल भाटी, ऋषि पाल दयानतपुर, सुरजन भाटी, रमन शर्मा, कुलदीप शर्मा, सुभाष मुतैना, गौरव चौधरी, अशोक छौंकर समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा डेरिंग गांव के सप्ताहिक बाजार को गैरकानूनी तरीके से हटाने के प्रयास को सीटू नेताओं ने किया विफल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** गांव डेरिन इको थर्ड ग्रेटर नोएडा पर रविवार व बुधवार शाम के वक्त लगने वाले सप्ताहिक फुटपाथी बाजार को कुछ लोगों बाजार को फिर से सुचारू रूप से लगवाया। उन्होंने कहा कि जब तक वेंडर को व्यवस्थित नहीं कर दिया जाए तब तक वेंडर को उनके मौजूदा स्थानों से नहीं हटाया



द्वारा निजी लाभ के उद्देश्य से की गई शिकायत पर प्राधिकरण के कर्मचारियों ने बाजार को अनुचित/ गैरकानूनी तरीके आज 19 मार्च 2023 को फिर बाजार को लगने से रोक दिया। उक्त की शिकायत वेंडर्स द्वारा पथ विक्रेता कर्मचारी यूनियन संबद्ध सी.आई.टी. यू. से की गई जिस पर पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, सचिव राम स्वारथ आदि टीम ने मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप कर जाना चाहिए यही प्रावधान पथ विक्रेता अधिनियम 2014 के कानून में है और यही माननीय सर्वोच्च न्यायालय उच्च न्यायालय के भी आदेश हैं। इसके बावजूद भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कुछ कर्मचारी स्थानीय लोगों के प्रभाव में आकर बाजार को लगने से बार-बार रोक रहे हैं जो पूर्णता अनुचित और गैरकानूनी है और इस तरह की कार्रवाई अगर फिर हुई तो सभी वेंडर्स को साथ लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

# इन्फ्लूएंजा के साथ कोरोना के नए वैरियंट ने बढ़ाई चिंता - डॉ डी.के गुप्ता

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** भारत में कोविड के मामलों में फिर से बढ़ोतरी होने लगी है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि देश में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी के पीछे तेजी से फैलने वाले एक्स बी बी.1.5 वंश का वैरिएंट एक्स बी बी.1.16 हो सकता है। फेलिक्स अस्पताल के चेयरमैन डॉ डी. के गुप्ता ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। डॉ गुप्ता का कहना है कि दो अलग-अलग वायरस इस समय तेजी से फैल रहे हैं, जिसमें एच3एन2 मौसमी इन्फ्लूएंजा ए वायरस और हाल ही में कोविड के एक्स बी बी 1.16 वेरिएंट हैं। हालांकि कोविड के इस वैरिएंट के जो दो मामले सामने आए हैं, उनमें हल्का बुखार, सिरदर्द और मांसपेशियों का विकार जैसे लक्षण देखने को मिले हैं। कोरोना वायरस का यह नया वेरिएंट तेजी से फैल रहा है और इसे अभी से एक खतरा माना जा रहा है। वायरस म्यूटेट होने के बाद पहले से ज्यादा स्मार्ट हो जाता है और इम्यूनिटी को चकमा देने के साथ तेजी से संक्रमण फैलाता है, जैसा कि कोविड वायरस के पहले आए स्ट्रेन के साथ भी देखा गया है। एक्स बी बी 1.16, ओमिक्रॉन वेरिएंट का ही सब-वेरिएंट है, जो तेजी से संक्रमण को फैलाने के लिए जाना जाता है। साल 2021 के अंत में ओमिक्रॉन ने डेल्टा को रिप्लेस किया और तेजी से दुनियाभर में फैला। नया वेरिएंट पुराने सब वेरिएंट एक्स बी बी.1.5 से नहीं बना है, बल्कि ये दोनों सबवेरिएंट एक्स बी बी और फिर एक्स बी बी.1 से बने हैं। एक्स बी बी.1.16 सबवेरिएंट भारत में मौजूद



अन्य सभी कोरोना वेरिएंट पर भारी पड़ रहा है। इसका मतलब कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर में इसके अलावा कोई अन्य वेरिएंट भी प्रवेश कर गया है तो यह उसे रोक दे रहा है. इस वेरिएंट से होने वाला संक्रमण लोगों को कितना बीमार कर सकता है, इस बारे में अभी कुछ साफ नहीं है। इसलिए लोगों को एक बार फिर सतर्क रहने की जरूरत है। खुद के साथ उन लोगों की सुरक्षा करें जो हाई-रिस्क ग्रुप में आते हैं। जहां घरघराहट, खांसी, तेज बुखार और निमोनिया के लक्षण एच3एन2 संक्रमण के लक्षण हैं, वहीं क्लासिक कॉविड के लक्षण सिरदर्द, शरीर में दर्द, थकान, गले में खराश और बहती या बंद नाक हैं। दोनों वायरस देश में बड़े पैमाने पर फैल रहे हैं, इसलिए जब भी लक्षण दिखाई दें तो जांच करवाना जरूरी है।

# सुषमा स्वराज अवार्ड का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सुषमा स्वराज अवॉर्ड कार्यक्रम के अंतर्गत आज नोएडा महानगर में नोएडा महानगर भाजपा महिला



मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शारदा चतुर्वेदी की अध्यक्षता में नोएडा महानगर में सुषमा स्वराज अवॉर्ड का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में समाज को सुधारने और नोएडा के लिए अपने तरीके, अपनी योग्यता के अनुसार अपना योगदान दिया है इस कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मानित होने वाले महिलाओं एडवोकेट दीपक जैन (एडवोकेट) ,शर्मा बबीता (गायन) ,उत्कर्षिनी वशिष्ठ (स्क्रिप्ट राइटर) ,डॉक्टर तनवीर (स्त्री रोग विशेषज्ञ), श्रीमती विमलेश शर्मा (प्रधान) ,श्रीमती प्रतिभा शर्मा (आंगनवाड़ी) ,श्रीमती पूजा यादव (नर्स) ,वंदना किलोल (पत्रकारिता) ,अंजना राजगोपालन (सामाजिक कार्यकर्ता) श्रीमती प्रीति बजाज (चित्रकार), संगीता चौधरी (एथलीट) श्रीमती प्राची सिंह (स्केटिंग) ,मंजू गोपालन (टीचर श्रीमती सुवर्णा भूषण(भरतनाट्यम) ,वैशाली गुप्ता (वास्तु शास्त्र) ,श्रीमती अनीता शर्मा (शिक्षाविद) ,संगीता चौधरी (प्रिंट मीडिया) को प्रदान किया गया इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नेहा राणा रही जो कि नोएडा की प्रभारी भी है अतिथि के रूप में नोएडा के लोकप्रिय सांसद डॉ महेश शर्मा और महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता , महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव भी उपस्थित रहे अतिथि के रूप में श्रीमती गिरजा सिंह उपस्थित रहे इस कार्यक्रम संयोजिका डॉ दीपाली दीक्षित रही। इस कार्यक्रम महामंत्री मधु मेहरा, शिवानी शरद, मिडिया प्रभारी नीता वाजपेई, राजश्री गुप्ता,रेनू बाला , वंदना,रेखा सिंह,मंजू शर्मा,सोशल मीडिया प्रभारी रितु रेनिवाल,सोनिका अत्रि,नीलम मनी, के साथ जिले के सभी पदाधिकारियों बहनों की गरिमामय उपस्थिति रही। मंडल अध्यक्ष के साथ मंडल की पूरी टीम ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।

# कोलगवां पुलिस की बडी कार्यवाही, अवैध शराब के जखीरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।** कोलगावा पुलिस की बड़ी कार्यवाही अवैध शराब के जकीरा के साथ आरोपी गिरफ्तार कार्यवाही धारा 34(2) आवकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही कार्टून में 97 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब की गई जप्त आशुतोष गुप्ता(भापुसे) पुलिस अधीक्षक सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री महेन्द्र सिंह चौहान सीएसपी सतना के मार्गदर्शन पर मिली कामयाबी दिनांक 19/03/2023 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कबाडी टोला में अवैध शराब का जखीरा बिक्री हेतु रखा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई तो एक व्यक्ति 12 कार्टून में अवैध शराब रखे दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराह स्टाफ के घेराबन्दी कर पकडा नाम पता पूंछने पर अपना नाम पंकज गुप्ता उर्फ गोलू नि0 कृष्ण नगर कबाडी टोला थाना कोलगवां का होना बताया । उक्त संदेही पंकज गुप्ता उर्फ गोलू के पास रखी 12 कार्टून खाखी रंग के मिले जिसमें 4 कार्टून में 08 पी0एम0 अंग्रेजी विस्की शराब प्रत्येक कार्टून में 48 पाव कुल 192 पाव कीमती 28608/ - रूपये , 6 कार्टून में बाम्बे अंग्रेजी विस्की शराब प्रत्येक कार्टून में 50 पाव कुल 300 पाव कीमती 32,100/ - रूपये , 1 कार्टून में बाम्बे अंग्रेजी विस्की शराब कुल 25 पाव कीमती



2,675/- रूपये , एक कार्टून में अंग्रेजी विस्की मेकडावल कुल 26 पाव कीमती 5668/- रूपये कुल 543 पाव कुल कीमती 69,051/- रूपये की होना पाई गयी । उक्त संदेही से उक्त शराब के संबंध मे वैध दस्तावेज पेश करने को कहा गया जो नही होना बताया व उक्त अवैध शराब कीर्ती सिंह की होना व अपने द्वारा बिक्री करना बताया आरोपी उपरोक्त का यह कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्ड़नीय पाये जाने से आरोपी को मुताबिक गिरफ्तारी पत्रक के गिरफ्तार किया गया । जब्त अवैध शराब के प्राप्त स्त्रोतों एवं अपराध मे संलिप्त अन्य सहभागियों की भूमिका के संबंध मे जांच की जा रही है ।

अपराध क्रमांक व धारा 395/23 धारा 34(2) आवकारी एक्ट **जब्त मशरुका का विवरण-** (1). 04 कार्टून में 08 पी0एम0 अंग्रेजी विस्की शराब कुल 192 पाव कीमती 28608/- रूपये (2) 06 कार्टून में बाम्बे अंग्रेजी विस्की शराब कुल 300 पाव कीमती 32,100/- रूपये (3). 01 कार्टून में बाम्बे अंग्रेजी विस्की शराब कुल 25 पाव कीमती 2,675/- रूपये (4). 01 कार्टून में अंग्रेजी विस्की मैकडावल कुल 26 पाव कीमती 5668/- रूपये

कुल 97 लीटर 740 मिली. अंग्रेजी शराब कीमती 69,051/- रूपये
आरोपी का नाम पंकज गुप्ता उर्फ गोलू पिता स्व. रामनरेश गुप्ता 32 वर्ष निवासी कृष्णनगर कबाडी टोला थाना कोलगंवा जिला सतना सराहनीय भूमिका रही- अवैध शराब की खेप पकडने मे निरीक्षक सुदीप सोनी थाना प्रभारी कोलगवां, उनि के एन मिश्रा, उनि रीना सिंह, प्रआर. सतेन्द्र सिंह, सीताशरण दिवेदी, विनोद मिश्रा, आर. शिवम तिवारी, अनिल दिवेदी, दिलीप दिवेदी, मनीषा पाण्डेय, प्रियंका चतुर्वेदी की सराहनीय भूमिका रही है ।

# प्रगतिशील व्यवसाय; शानदार पैनल चर्चा और सेमिनार; रैंप शो ने बने आकर्षण का केंद्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, आईएचजीएफ दिल्ली मेला-स्प्रिंग 2023 में 16 विशाल हॉल में 14 अच्छी तरह से विस्तृत और वर्गीकृत उत्पाद श्रेणियों के साथ, अपने संरक्षकों और पहली बार व्यापार आगंतुकों को प्रेरित और उत्साहित करना जारी रख रहा है। भारत के विभिन्न भौगोलिक स्थानों ने अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और प्रचुर कच्चे माल के आधार से बने उत्पादों को इस आयोजन में पेश किया है। ईपीसीएच के अध्यक्ष राज के मल्होत्रा ने इस अवसर पर कहा, ठआईएचजीएफ दिल्ली मेले में प्रदर्शित उत्पादों में होम, जीवन शैली, फैशन, कपड़ा और फर्नीचर उत्पादों में व्यापक विविधता के साथ पर्यावरण के अनुकूलता, स्थिरता हमारे उत्पादों की पेशकश की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। आपको ऐसे प्रदर्शकों और आपूर्तिकर्ताओं आसानी से मिल जाएंगे जो अधिक टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल नैतिक प्रथाओं से हम सभी का भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अपनी भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे हैं। कई निर्माताओं के चुनिंदा उत्पादों के साथ एक सस्टेनेबिलिटी थीम बूथ को थीम क्षेत्र में रखा गया है। कई क्षेत्रीय प्रदर्शकों को जीवंत पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद की पेशकश मिली है,ठ अपनी बात को विस्तार देते हुए उन्होंने यह भी कहा, ठवे मेले में कपास और जूट जीवन शैली के सामान, प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके हाथ से पेंट किए गए कलात्मक परिधान, कागज के साथ बेकार कपड़े का उपयोग करके गुथना शिल्प, फैशन से बने सामान लाए हैं। प्रकृति के चक्रीय परिवर्तनों के दौरान प्राप्त पौधे के रेशे, अहिंसा (अहिंसक) रेशम के स्कार्फ, स्टोल और बैग, नदी की रीड (कौना घास) टेबल के सामान और बहुउद्देश्यीय बैग, बांस की कुप्पी और बांस के तिनके के साथ यात्रा मग, बेंत और बांस के घरेलू सजावटी सामान और फर्श मैट, आदि बहुत सारे खरीदारों को आकर्षित कर रहे हैं।इस अवसर पर ईपीसीएच के महानिदेशक और आईईएमएल के अध्यक्ष राकेश कुमार ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा, स्थायी, समावेशी और भविष्य की दिशा में बढ़ते सर्कुलर अर्थव्यवस्था और हरित आपूर्ति श्रृंखलाओं पर ध्यान देने के साथ, ईपीसीएच भारतीय हस्तशिल्प उद्योग को जिम्मेदार मैन्यूफैक्चरिंग और हरित मूल्य श्रृंखलाओं की ओर ले जा रहा है। ये उत्पाद न केवल दुनिया के प्रमुख होम और लाइफस्टाइल ब्रांड्स की खुदरा दुकानों तक पहुंचते हैं, बल्कि प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मेलों में भी इन्हें सराहा जाता है।मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ,युवा उद्यमी सोसायटी , जोधपुर हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स फेडरेशन, हैंडीक्राफ्ट्स एंड कार्पेट सेक्टर स्किल काउंसिल , और श्रीनगर कार्पेट ट्रेनिंग सेंटर, हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन बाइंग एजेंट एसोसिएशन फेडरेशन ऑफ राजस्थान टेक्सटाइल्स एंड हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन सहारनपुर वुड कार्विंग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन; मुरादाबाद एसईजेड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन; उत्तर प्रदेश ग्लास एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन, फोर्टे जयपुर ने हस्तशिल्प और संबंधित व्यापार निकायों के दूरदर्शी और मुखिया डॉ. राकेश कुमार को मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर संयुक्त रूप से एक समारोह में सम्मानित किया



इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि निर्यातक बिरादरी से प्राप्त प्यार और स्नेह दिल को छू लेने वाला है और यह सराहना ही है जो उन्हें नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित करती है। यह एक टीम वर्क है जिसके परिणामस्वरूप हस्तशिल्प क्षेत्र का समग्र विकास हुआ है। उन्होंने इस सम्मान के लिए पूरी निर्यातक बिरादरी को धन्यवाद दिया और आने वाले वर्षों में भी उनकी सभी अपेक्षाओं को पूरा करने की उम्मीद की। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर के वर्मा ने आगे बताया, ठईपीसीएच का वृक्ष प्रमाणन - 'सस्टेनेबिलिटी थ्रू लीगैलिटी' को विश्व स्तर पर एक मानक के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो सभी लकड़ी प्रजातियों के स्थायी व्यापार को सुनिश्चित करता है। एमएसएमई सस्टेनेबल (जेडईडी) सर्टिफिकेशन जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट (जेडईडी) प्रथाओं के बारे में एमएसएमई के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए एक व्यापक अभियान है और उन्हें एमएसएमई चैंपियन बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए जेडईडी प्रमाणन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करता है। इसके साथ, ईपीसीएच का जनादेश संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं से जुड़े हुए सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) के अनुरूप है। दिलीप बैद, उपाध्यक्ष, ईपीसीएच, ने सूचित किया, इस विषय के महत्व को ध्यान में रखते हुए, 'सस्टेनेबिलिटी, सर्कुलैरिटी एंड नेट ज़ीरो इन हैंडीक्राफ्ट सेक्टर'विषय पर इस आयोजन में आयोजित एक पैनल चर्चा में पर्यावरण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही इस पर भी विमर्श किया गया कि कैसे हस्तशिल्प उद्योग संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने और होने वाले अपव्यय को न्यूनतम करने के लिए स्थिरता लक्ष्यों के साथ काम कर सकता है। भारतीय वन अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों ने 'न्यू वुड स्पीशीज-अवेलेबल फॉर हैंडीक्राफ्ट सेक्टर' विषयक एक अन्य संगोष्ठी में एक नई लकड़ी की प्रजाति - मेलिया दुबिया (मालाबार नीम) के बारे में चर्चा की, जो लकड़ी के शिल्प,लकड़ी के बर्तन और फर्नीचर में प्रयोग होने के लिए उपयुक्त विशेषताओं के साथ आसानी से उपलब्ध और निर्यात योग्य है। भारत के हालिया मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाने, एमएसएमई के लिए बैंकिंग समाधान और निर्यात ऋण योजनाओं विषयों पर सेमिनारों में भी प्रतिभागियों और दर्शकों की अच्छी संख्या में भागीदारी रही। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के वाइस चेयरमैन श्री नीरज खन्ना ने इस अवसर पर कहा, अब तक आयोजन में आने वाले आगंतुकों और ग्राहकों की संख्या बहुत अच्छी तादाद में है। और वो बड़े स्टेटमेंट पीस के साथ ही होम डेकोर, होम टेक्सटाइल, ज्वैलरी और यहां तक की गिफ्ट पैकेजिंग में छोटे थीम कलेक्शन पर भी ध्यान दे रहे हैं।ङ्ग घर की सजावट के उत्पादों की सोर्सिंग के लिए फ्रांस से आए हेर्वे, ने कई अच्छे उत्पादों को देखा और उन्हें शार्ट लिस्ट किया है। उन्होंने कहा कि वह भारतीय आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करना पसंद करते हैं क्योंकि उन्हें यूरोपीय बाजारों की बेहतर समझ है। वह पहले से ही गार्डन सामग्री के लिए अपनी अगली यात्रा की योजना बना रहे हैं। अमरीका से पहली बार आए इलियट मेले का आनंद ले रहे हैं और सोर्सिंग के लिए कॉफी टेबल और बेंच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठये उत्पाद प्यारे हैं और अमेरिकी उन्हें बहुत सराहते हैंठ। आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-स्प्रिंग 2023 की स्वागत कमेटी के अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने कहा, ठकारीगरों, क्षेत्रीय समूहों और छोटे उद्यमियों को भी घरेलू वॉल्यूम खरीदारों से बहुत सारे ऑर्डर मिले हैं।ठ रोजाना होने वाले रैंप शो आगंतुकों के बीच आकर्षण का केंद्र लगातार बने हुए हैं। भारत सरकार से आए विशिष्ट अतिथि, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की बात की जाय तो मेरठ (उत्तर प्रदेश) से संसद सदस्य राजेंद्र अग्रवाल राजस्थान से राज्य सभा के सांसद राजेंद्र गहलोत; सहारनपुर से संसद सदस्य हाजी फजलुर रहमान; न्यूज 18 पर 'भैया जी कहिन' के एंकर प्रतीक त्रिवेदी; श्रीमती वी. शोभना आईएएस, प्रबंध निदेशक, तमिलनाडु हस्तशिल्प विकास निगम लिमिटेड; अनिल अग्रवाल, अतिरिक्त डीजीएफटी, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार; राजीव कुमार, संयुक्त सचिव, विदेश मंत्रालय; अमिताभ कुमार, संयुक्त सचिव, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय; सुरेश लोंधे जी. निदेशक, महाराष्ट्र सरकार के उद्योग निदेशालय; हरमीत सिंह, अति. पुलिस आयुक्त, दिल्ली पुलिस (साइबर क्राइम); सोहन कुमार झा, वरिष्ठ निदेशक, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प, कपड़ा मंत्रालय; यशवीर सिंह, आर्थिक सलाहकार, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार ने मेले का दौरा किया। इस अवसर पर ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ राकेश कुमार ने सूचित किया कि ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 33253.00 करोड़ (4459.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 के अप्रैल से फरवरी तक की अवधि में यह आंकड़ा 28727.91 करोड़ (3505.84 अमेरिकी डॉलर) रहा।

# तारीफों के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर निकला रानी मुखर्जी की फिल्म का दम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रानी मुखर्जी 'बंटी और बबली 2' के दो साल बाद स्क्रीन पर लौटी हैं। उनकी फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' 17 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कपिल शर्मा की फिल्म 'ज्विगाटो' के साथ रिलीज हुई थी। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर ये कपिल की फिल्म से तो बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है, लेकिन समीक्षकों और दर्शकों से मिली तारीफों के बावजूद फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है। 'तू झूठी, मैं मक्कार' के आगे सिनेमाघरों में इस फिल्म को दर्शक मिलना वाकई मुश्किल हो रहा है। रानी मुखर्जी की फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' की शुरुआत काफी धीमी हुई हुई थी। शुक्रवार को रिलीज इस फिल्म ने महज 1 से डेढ़ करोड़ का बॉक्स ऑफिस पर कारोबार किया था। हालांकि, जिस तरह से फिल्म को रिस्पांस मिल रहा था, उसे देखते हुए यही लग रहा था कि फिल्म वीकेंड तक अपनी पकड़ बना सकती है, लेकिन ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। शनिवार को इस फिल्म ने जहां 2.26 करोड़ की कमाई की, तो वही रविवार को भी फिल्म महज 2.26 करोड़ की ही कमाई की। ये फिल्म पहला वीकेंड खत्म होते-होते महज 6.49 करोड़ की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर और 7 करोड़ की टोटल दुनियाभर में कमाई की। आपको बता दें कि 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' की कहानी असल जिंदगी से इंस्पायर है। ये एक ऐसे कपल की कहानी है, जो नॉर्वे में रहता है और उनके बच्चे को वहां की सरकार ये कहते हुए अपनी कस्टडी में ले लेती है कि वह अपने बच्चे की देखभाल सही तरह से नहीं कर रहे हैं। फिल्म में मां बनी रानी मुखर्जी अपने बच्चे को वापस पाने के लिए एक लंबी जंग लड़ती हैं। इस बीच उन्हें क्या-क्या देखना और सहना पड़ता है, इस चीज को एक्ट्रेस ने बड़ी ही खूबसूरती से पर्दे पर उतारा है। रानी मुखर्जी के अलावा इस फिल्म में अनिर्बान भट्टाचार्य, जिम सर्भ सहित कई कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई।



# स्टैन पर गुस्से से तिलमिलाए अब्दु, कहा- फोन करो तो काट देता है, मेरा दिमाग फट रहा है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 में अगर किसी की सबसे ज्यादा चर्चा हुई, तो वो थी मंडली। घर की सारी प्लानिंग और फ्लॉटिंग मंडली को तोड़ने के लिए ही होती थी। प्रियंका और अर्चना ने तो पूरी जान लगा दी थी कि अब्दु, स्टैन और शिव के बीच की बॉन्डिंग को वो किसी तरह खत्म कर पाती। शो खत्म होने के 1 महीने बाद अब पीसी का सपना पूरा होता नजर आ रहा है। मंडली में दरार पड़ गई है और अब सब कुछ पहले जैसा नहीं है अब्दु रोजिक ने सोशल मीडिया पर अपने लाइव के दौरान ये माना कि उनके और एमसी स्टैन के बीच सब कुछ सही नहीं चल रहा है। ताजिकस्तान के सिंगर का कहना है कि स्टैन उनकी कॉल काट देते हैं। वीडियो में अब्दु यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि उनके गाने के 23 मिलियन व्यूज हैं और उन्हें अपने गाने को प्रमोट करने के लिए एमसी स्टैन की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, ठजब मैं एमसी स्टैन को कॉल करता हूं तो वह हाय या सलाम नहीं कहता, वह सीधे कॉल काट देता है। हर कोई आ रहा है और मुझसे एमसी स्टैन के बारे में पूछ रहा है। क्या आपको सच में लगता है कि मैं कभी भी एमसी स्टेन के लिए बुरा बोलूंगा? बिग बॉस के घर में मैं हर समय उनके साथ दिया। अब वह मीडिया में कह रहा है कि मैंने उसे कहा कि मेरे गाने को प्रमोट करो। वह ऐसा क्यों कर रहा है। मेरे सिर में दर्द हो रहा है। जब से मैंने देखा है मीडिया में इस खबर से मुझे गुस्सा आ गया है।शिव ठाकरे ने शनिवार को ये बताने के लिए पार्टी रखी कि मंडली में सबकुछ ठीक है और वो सभी अभी भी दोस्त हैं। इस पार्टी में साजिद खान, सुम्बुल, अब्दु रोजिक शामिल हुए और उन्हें मस्ती करते देखा गया। प्रतीक सहजपाल, सौंदर्या शर्मा, शिल्पा शिंदे, विशाल कोटियन जैसे अन्य बिग बॉस प्रतियोगी भी बैश में मौजूद थे।





# रिसेप्शन में पाकिस्तानी डिजाइनर का लहंगा पहन ट्रोल हुईं स्वरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** स्वरा भास्कर की शादी की खबर आए महीनाभर होने वाला है, लेकिन उनके फंक्शन हैं कि चले ही जा रहे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी विदाई की तस्वीरें दिखाई कि कैसे वो अपने माता पिता से दूर होने पर इमोशनल हो गई थीं। तो अब स्वरा ने अपने एक और रिसेप्शन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इस फंक्शन में बैठे देखा जा सकता है, जो मेहमानों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवा रहे हैं।स्वरा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बेज लहंगे में अपने फोटोशूट की एक झलक भी शेयर की। उन्होंने इसके साथ लिखा, आश्चर्यजनक की एक झलक। लहंगा सेट किया है र्जोर्तेर्गोर्फ्हिास्ज्ी ने बनाया है और सरहद के उस पार से मुझे भेजा है! इसे संभव बनाने के लिए को विशेष धन्यवाद!





ज्यादातर उनके दोस्त मौजूद थे। अपने रिसेप्शन में स्वरा ने एक पाकिस्तानी डिजाइनर का बेज लहंगा पहना और एक बड़ी नोज रिंग और माथा पट्टी से सबका ध्यान खींचा। स्वरा के पतिदेव फहद ने एक सफेद शेरवानी और सफेद और सुनहरे दुपट्टे के साथ एक गोल्डन कलर का कुर्ता पहना था। पहना पाकिस्तानी डिजाइनर का लहंगा समाजवादी पार्टी के नेता सुहैब अंसारी ने शादी के रिसेप्शन से कुछ तस्वीरें ट्विटर पर शेयर कीं और लिखा, 'बहुत-बहुत बधाई, फहद भाई और स्वरा जी। आपके आगे एक धन्य और सुखी जीवन की कामना करता हूं।' नवविवाहित जोड़े को बेज रंग के सोफे पर स्वरा ने समाजवादी पार्टी की यूथ विंग - समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष फहद के साथ रजिस्टर्ड शादी की थी। उन्होंने इसे कई फंक्शन के साथ मनाया। ये शादी दोनों धर्मों के तौर तरीके से हुई। हाल ही में स्वरा की विदाई का एक वीडियो उनके एक दोस्त ने शेयर किया था। उनके पिता ने इसे एक ठमार्मिक क्षणठ कहा और ट्विटर पर लिखा जैसे स्वरा भास्कर की शादी खत्म होने वाली थी। हां... रूड कमोडोर के पास फ्रेम से बाहर रहने का अच्छा कारण था यह वास्तव में एक एक 'खड़ूस' पिता के लिए भी भावनात्मक रूप से इमोशन पल था हमारी प्रिय की 'विदाई'।

# गैलेक्सी अपार्टमेंट के 1 बीएचके में जीते हैं साधारण जिंदगी, कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा का खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश शर्मा ने सलमान खान पर बात की है। उन्होंने दावा किया है एक इंटरव्यू में कहा है कि सलमान खान में फेमस होने के बावजूद उनमें कोई ज्यादा बदलाव नहीं आया है।मुकेश छाबड़ा ने रणवीर बताया। उन्होंने यह भी कहा कि सलमान खान सभी ग्रुप में काफी फेमस है और वह साधारण जिंदगी जीते हैं।मुकेश छाबड़ा ने





कि सलमान खान 1ँप्ख् फ्लैट में रहते हैं और साधारण जिंदगी जीते हैं। उन्होंने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में यह बातें कही है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें लोग गलत क्यों समझते हैं। मुकेश छाबड़ा ने इस बारे में भी बताया कि सलमान खान गैलेक्सी अपार्टमेंट में 1 बीएचके में रहते हैं और वह कोई भी लग्जरी आइटम नहीं रखते हैं।मुकेश छाबड़ा ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में कलाकारों को कास्ट किया है। इसमें सलमान खान और शाह रुख खान भी शामिल है। उन्होंने बजरंगी भाईजान और ट्यूबलाइट जैसी फिल्मों पर सलमान खान के साथ काम किया था। उन्होंने उन्हें बहुत नजदीक से देखा है। अब मुकेश छाबड़ा ने इलाहबादिया को एक इंटरव्यू दिया है। इसमें वह कहते हैं, 'सलमान खान एकमात्र व्यक्ति है जो कि हमेशा उपलब्ध रहते हैं, जो आपके लिए खड़े रहेंगे। वह ईमानदार हैं। लोग उनकी ईमानदारी का गलत मतलब निकालते हैं। यह समस्या है। जब आप कोई बात ईमानदारी से कहते है तो लोग उसका गलत मत निकालते हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि सलमान खान का अपना मूड होता है। जैसे शाह रुख खान और आमिर खान का है। वह कहते है, 'प्रेशर की वजह से आपको चेक करना पड़ता है कि सलमान का मूड कैसा है?' मुकेश चाबड़ा सलमान खान की तारीफ करते हुए यहीं नहीं रुके। उन्होंने सलमान खान को भगवान का बंदा भी आगे कहा, 'वह बहुत ही साधारण जिंदगी जीते हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि वह कहां रहते हैं। यह 1 बीएचके का अपार्टमेंट है। इसमें एक सोफा है। एक डाइनिंग टेबल है। छोटा सा एरिया है, जहां वह लोगों से बात करते हैं। एक छोटी जिम और रूम है। यह सलमान खान है। भारत का सबसे बड़ा सुपरस्टार और साधारण जिंदगी जीता है। उन्हें ब्रांड का कोई शौक नहीं है। वह कोई महंगी चीजें भी नहीं रखते हैं। वह सामान्य चीजें खाते हैं और साधारण जिंदगी जीते हैं। मैं पिछले 15 वर्षों से उनके संपर्क में हूं और उनमें जरा भी बदलाव नहीं आया है।

# २०० करोड़ की तरफ तेजी से बढ़ रही है रणबीर की मूवी दूसरे वीकेंड पर दमदार कमाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म 'तू झूठी, मैं मक्कार' बॉक्स ऑफिस पर लगातार धमाका कर रही है। इस रॉम-कॉम फिल्म ने इस हफ्ते रिलीज हुई वर्किंग डेज पर इस फिल्म की कमाई पर काफी असर देखने को मिला, लेकिन ये फिल्म खुद को बॉक्स ऑफिस पर संभालने में कामयाब रहापठान के बाद ये इस साल की दूसरी हिंदी फिल्म है, जो 100 करोड़ रफ्तार से 200 करोड़ के क्लब की तरफ बढ़ रही है। लगभग 70 से 80 करोड़ के बजट में बनी 'तू झूठी, मैं मक्कार' दुनियाभर में 151.35 करोड़ की टोटल कमाई कर चुकी है। रणबीर कपूर के करियर के



'ज्विगाटो और मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे को भी कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया है लव रंजन के निर्देशन में बनी ये फिल्म बीते हफ्ते ही दुनियाभर में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है और अब घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी दूसरे ही हफ्ते रणबीर-श्रद्धा की फिल्म ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया।घरेलू बॉक्स ऑफिस पर तू झूठी, मैं मक्कार काफी अच्छा बिजनेस कर रही है। 8 मार्च को होली पर रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन ही 14 से 15 करोड़ के साथ शुरुआत की थी। हालांकि क्लब में शामिल हो चुकी है। दूसरे वीकेंड पर शुक्रवार को इस फिल्म 3.64 करोड़ का बिजनेस किया था। शनिवार और रविवार को रॉम-कॉम मूवी ने 6.03 करोड़ और 7.65 करोड़ का टोटल बिजनेस किया। दूसरे वीकेंड पर ये फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है और फिल्म ने टोटल 109.63 करोड़ की कमाई की है रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म वर्ल्डवाइड भी काफी अच्छा कलेक्शन कर रही है। इस फिल्म ने बीते हफ्ते 100 करोड़ का बिजनेस किया था और अब ये तेज लिए पैंडेमिक से पहले का समय कैसा भी रहा हो, लेकिन साल 2022 और 2023 उनके लिए काफी अच्छा रहा है रणबीर कपूर हाल ही में जब करीना कपूर के शो 'वॉट विमेन वॉन्?ट' में आए थे, तो उन्होंने कहा था कि बॉक्स ऑफिस सफलता उनके लिए समीक्षकों के प्वाइंट ऑफ व्यू से ज्यादा मैटर करता है, क्योंकि वह अलग-अलग दर्शकों के चेहरों पर मुस्कान लाता है। आपको बता दें कि रणबीर अब जल्द ही 'एनिमल' में नजर आएंगे।

# स्कूल टाइम में बुली का शिकार हो चुके हैं रणबीर कपूर, पहली बार छलका एक्टर का दर्द

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर इन दिनों 'तू झूठी, मैं मक्कार' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा बिजनेस कर रही है। इस फिल्म ने घरेलू और दुनियाभर में 100 करोड़ की कमाई कर ली है और अब रफ्तार से आगे बढ़ रही है।रणबीर कपूर हाल ही में बहन करीना कपूर के शो में 'वॉट विमेन वॉन्?ट' के नए सीजन में खास मेहमान बनकर पहुंचे थे। इस खास एपिसोड में दोनों ने काफी मस्ती की। रणबीर कपूर ने बेटी राहा की परवरिश पर भी बात की और खुद को एक पिता के रूप में स्कोर दिया बॉलीवुड के सांवरिया रणबीर कपूर वैसे तो अपने करियर के साथ-साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर भी काफी सुर्खियों में रहे हैं, लेकिन शायद ही कभी किसी ने ये सोचा होगा कि रणबीर कपूर को भी उनके बचपन में काफी बुली किया गया है। हमेशा चिल्ड आउट रहने वाले रणबीर कपूर ने पहली बार बताया कि स्कूल समय में उन्हें कितना ज्यादा बुली किया जाता था।हालांकि, इस बीच ही रणबीर कपूर, बहन करीना से ये पूछते हुए नजर आए कि उन्हें स्कूल में कभी बुली किया गया है? जिसका जवाब करीना ने ना में दिया। रणबीर ने आगे कहा, 'मुझे बहुत बुली किया जाता था और धमकाया जाता था।जब आप एक एक्टर के बेटे होते हो, तो आपके सीनियर्स कभी-कभी आपको धमकाते हैं, क्योंकि आप उनके लिए एक सॉफ्ट टारगेट होते हो, लेकिन यही चीजें कही न कहीं आपको सख्त बनाते हैं, दुनिया को फेस करने के लिए तैयार करते हैं'।रणबीर कपूर ने



आगे कहा, 'मुझे लगता है कि ये एक तरफ से देखा जाए, तो एक आशीर्वाद है। मैं इस सच से कभी नहीं परेशान हुआ कि मुझे स्कूल में धमकाया और बुली किया जाता था, लेकिन मैंने एक एक्टर का बेटा होने के नाते ये सहा है'।रणबीर कपूर ने बेटी राहा को पैपराजी कैमरा से दूर रखने के बारे में भी कहा। एक्टर बोले, 'जब वह चार-पांच साल की होगी, तो साधारण से बात है, स्कूल जाएगी। लोगों को हमारी जिंदगी में जानने के बारे में बेहद ही दिलचस्पी है, इसलिए वह बच्चों को भी क्लिक करते हैं। मैंने और आलिया ने कुछ ऐसा सोचा नहीं है कि हम उसे पैपराजी से दूर रखेंगे या कुछ, बस समय के साथ छोड़ देंगे और एक नॉर्मल बच्चे की तरह रहने देंगे'।तू झूठी, मैं मक्कार' के बाद अब रणबीर कपूर जल्द ही रश्मिका मंदाना के साथ संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' में नजर आएंगे। फिल्म में रणबीर कपूर का बिल्कुल ही एक अलग रूप दर्शकों को देखने को मिलेगा।रिपोर्ट्स की मानें तो रणबीर कपूर ने फिलहाल 'एनिमल' के बाद कोई भी फिल्म साइन नहीं की है। वह कुछ समय तक ब्रेक लेकर बेटी राहा और पत्नी आलिया भट्ट के साथ समय बिताएंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।